

MPHIN/2021/83938

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः4 : अंकः 60 | ग्वालियर, सोमवार 11 नवम्बर 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## राहुल के निशाने पर प्रधानमंत्री मोदी

**रांची ■** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को लगातार दूसरे दिन झारखंड में कांग्रेस के लिए चुनावी रैली की। शुक्रवार को उन्होंने सिमडेगा और लोहरदगा में रैली की थी और शनिवार को राहुल ने झारखंड के बाघमारा और जमशेदपुर में रैली की।

कांग्रेस नेता ने कहा- देश में करीब 50 फीसदी OBC, 15 फीसदी दलित, आठ फीसदी आदिवासी और 15 फीसदी अल्पसंख्यक वर्ग के लोग हैं। लेकिन आपको देश की बड़ी बड़ी कंपनियों के मैनेजमेंट में ओबीसी, दलित और आदिवासी वर्ग का व्यक्ति नहीं मिलेगा।



दोनों रैलियों में प्रधानमंत्री मोदी उनके निशाने पर थे। उन्होंने कहा- मोदी जी ने अमीर लोगों का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया है। अगर 'इंडिया' ब्लॉक की सरकार बनेगी तो हम आम लोगों को 20 लाख करोड़ रुपया देंगे।

राहुल ने कहा- हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री गरीबों, किसानों, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों के पास जाते ही नहीं हैं। इससे पता चलता है कि वो आपके नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा- हिंदुस्तान में युवा और महिलाएं दुखी हैं। देश में महंगाई बढ़ती है तो सबसे ज्यादा चोट हमारी माताओं, बहनों को लगती है। जीएसटी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा- नरेंद्र मोदी ने हर चीज पर जीएसटी जोड़ दिया है। टैक्स का पूरा ढांचा देश के गरीब लोगों से पैसा लेने का तरीका है।

जाति गणना का वादा दोहराते हुए राहुल ने कहा- मैंने मोदी जी से साफ कह दिया है, आप जातिगत जनगणना को रोक नहीं सकते हैं।

राहुल गांधी ने आरक्षण की सीमा बढ़ाने का संकल्प दोहराया और कहा- हम इसी संसद में जातिगत जनगणना को पास करके दिखाएंगे और आरक्षण में 50 फीसदी की दीवार को तोड़ देंगे। झारखंड में हम आदिवासियों को 28 फीसदी, दलितों को 12 फीसदी और पिछड़े वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देंगे। उन्होंने ने कहा- मोदी जी बड़े बड़े भाषण करते हैं। बड़े बड़े प्लेन में उड़ते हैं। लेकिन बोझ आम आदमी को उठाना पड़ता है। मोदी जी गरीबों से हाथ मिलाने से भी कतराते हैं। वो अंबानी और अडानी के साथ जाएंगे, लेकिन गरीब दलितों, पिछड़ों से मिलना तक नहीं चाहते।

# पाक में आत्मघाती धमाका

**मारे गए लोगों में सेना के 14 जवान और 12 आम नागरिक। आतंकवादी समूह बलूच आर्मी ने जिम्मेवारी ली।**

**इस्लामाबाद ■** पाकिस्तान के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर शनिवार, नौ अक्टूबर की सुबह एक बम विस्फोट हो गया, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई। धमाके में 50 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। पाकिस्तान की मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हमले की जिम्मेदारी आतंकवादी समूह बलूच लिबरेशन आर्मी यानी बीएलए ने ली है। बीएलए के प्रवक्ता ने कहा कि आत्मघाती हमले को मजीद ब्रिगेड यूनिट ने अंजाम दिया।

उनका निशाना मिलिटेंट इन्फैंट्री स्कूल के सैनिक थे, जो कोर्स पूरा कर जाफर एक्सप्रेस से पेशावर जाने वाले थे। अधिकारियों ने बताया कि कई घायल यात्रियों की मौत अस्पताल में हुई। क्वेटा



सिविल हॉस्पिटल के प्रवक्ता वसीम बेग ने पाकिस्तानी अखबार 'द डॉन' को बताया कि मारे गए लोगों में सेना के 14 जवान और 12 आम नागरिक हैं।

उधर, अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि इस हमले के पीछे बीएलए का हाथ है। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में यह एक सुसाइड ब्लास्ट लग रहा है। पाकिस्तानी न्यूज वेबसाइट 'ट्रिब्यून एक्सप्रेस' की रिपोर्ट के मुताबिक जाफर एक्सप्रेस के प्लेटफॉर्म पर पहुंचने से ठीक पहले यह हादसा हुआ। क्वेटा के एक वरिष्ठ पुलिस अफसर ने कहा कि ट्रेन को नौ बजे पेशावर के लिए रवाना होना था। हादसे के वक्त यात्री ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ब्लास्ट के वक्त प्लेटफॉर्म पर एक सौ से ज्यादा लोग थे।

## ट्रंप ने जेलेंस्की से बात की

**वाशिंगटन ■** राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने के बाद निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से फोन पर बात की। इस बातचीत में टेस्ला के प्रमुख और दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क के भी मौजूद रहने की खबर है। गौरतलब है कि चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप कहते रहे हैं कि वे राष्ट्रपति बनने के बाद एक घंटे में यूक्रेन युद्ध रूकवा देंगे। एक दिन पहले यानी शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ट्रंप को बधाई दी और कहा कि वे यूक्रेन युद्ध रूकवाने के लिए उनसे बातचीत करने को तैयार हैं।

अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने शुक्रवार को एक यूक्रेनी अधिकारी के हवाले से बताया कि



इस बातचीत में इलॉन मस्क भी शामिल हुए। सबसे पहले अमेरिकी की एक वेबसाइट ने यह दावा किया था कि इस बातचीत में मस्क भी शामिल थे। इसके बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के एक अधिकारी के हवाले से न्यूज एजेंसी एएफपी ने इस दावे को सही ठहराया। इस मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों का कहना है कि तीनों के बीच बातचीत करीब 25 मिनट तक चली।

इस बातचीत में ट्रंप ने जेलेंस्की को भरोसा दिलाया कि वे रूस से चल रही जंग में उनकी मदद करेंगे। ट्रंप ने जेलेंस्की से कहा कि वे कूटनीति को एक और मोका देना चाहते हैं। उन्होंने कहा- मैं वादा करता हूं कि आप मुझसे निराश नहीं होंगे। इसके बाद बताया जा रहा है कि ट्रंप ने मस्क को फोन थमा दिया। मस्क की जेलेंस्की से बातचीत हुई। बताया जा रहा है कि इस दौरान जेलेंस्की ने यूक्रेन को इंटरनेट मुहैया कराने के लिए मस्क का धन्यवाद दिया। मस्क ने कहा कि वे अपने स्टारलिंक सेटेलाइट से यूक्रेन की मदद करते रहेंगे। गौरतलब है कि 2022 में जंग शुरू होने के बाद रूस ने यूक्रेन में कम्युनिकेशन नेटवर्क को बरबाद कर दिया था। इसके बाद से मस्क का स्टारलिंक सिस्टम यूक्रेन में इंटरनेट मुहैया करा रहा है।

## पवार और उद्धव पर चुप रहे मोदी

**चुनावी सभा में प्रधानमंत्री ने उद्धव ठाकरे और शरद पवार के बारे में एक शब्द नहीं बोला। केवल कांग्रेस पर हमला।**

**मुंबई ■** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को लगातार दूसरे दिन महाराष्ट्र में भाजपा के लिए चुनावी सभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने शनिवार को अकोला में एक रैली की और 'एक हैं तो सेफ हैं' का नारा दोहराया। इससे पहले शुक्रवार, आठ नवंबर को नासिक और धुले की रैली में भी उन्होंने यह नारा लगाया था। पहले की तरह उन्होंने अकोला की रैली में भी कांग्रेस पर हमला बोला। इस बार खास बात यह रही कि प्रधानमंत्री ने उद्धव ठाकरे और शरद पवार के बारे में एक शब्द नहीं बोला।

प्रधानमंत्री ने अपनी सभा में कहा- जम्मू कश्मीर विधानसभा में आर्टिकल 370 की वापसी की मांग हो रही है। कांग्रेस और उसके सहयोगी इसका समर्थन करते हैं। पाकिस्तान भी यही चाहता है। गौरतलब है कि भाजपा इस चुनाव में अनुच्छेद 370 का बड़ा मुद्दा बना रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि राहुल गांधी की चौथी पीढ़ी भी आ जाएगी तो अनुच्छेद 370 की वापसी नहीं हो सकती है।




बहरहाल, कांग्रेस नेता सोनिया और राहुल गांधी पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा- कांग्रेस की सरकार जिस राज्य में बन जाती है, वह राज्य शाही परिवार के लिए एटीएम बन जाता है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक सरकार का जिक्र किया और कहा- चुनाव महाराष्ट्र में है और वसूली इन राज्यों में डबल हो गई है। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि चुनाव जीतने के बाद क्या लूट होगी।

मोदी ने राम मंदिर का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा- एक बार फिर महायुति के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। आज नौ नवंबर है, ये तारीख बहुत ऐतिहासिक है। आज ही के दिन 2019 में देश की सर्वोच्च अदालत ने राम मंदिर पर फैसला दिया था। नौ नवंबर की तारीख इसलिए भी याद की जाएगी कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद हर धर्म के लोगों ने संवेदनशीलता का परिचय दिया। ये राष्ट्र प्रथम की भावना है। प्रधानमंत्री ने जय श्री राम का नारा भी लगाया।

'एक हैं तो सेफ हैं' का नारा दोहराते हुए मोदी ने कहा- कांग्रेस अच्छी तरह जानती है, जितना देश कमजोर होगा, उतना ही वे मजबूत होंगे। जब कांग्रेस मजबूत होगी, देश मजबूर होगा। उन्होंने कहा- कांग्रेस विभिन्न जातियों के बीच विभाजन पैदा करती है। इसने हमारी जातियों को कभी एकजुट नहीं होने दिया। अगर हमारी जातियां एकजुट नहीं रहेंगी और एक-दूसरे के साथ संघर्ष करती रहेंगी, तो कांग्रेस इसका फायदा उठाएगी। आपको सचेत रहना होगा। याद रखें, 'एक हैं तो सेफ हैं'।

## योगी के नारे पर खड़गे का निशाना

**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने योगी आदित्यनाथ के नारे 'बटेंगे तो कटेंगे' का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस के कई नेताओं ने देश को एकजुट करने के लिए अपनी जान दी है।**

**नागपुर ■** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नारे की आलोचना की है। उन्होंने योगी आदित्यनाथ के नारे 'बटेंगे तो कटेंगे' का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस के कई नेताओं ने देश को एकजुट करने के लिए अपनी जान दी है। खड़गे ने कहा कि जो लोग चाहते हैं कि देश एकजुट रहे, वे कभी भी इस तरह की विभाजनकारी टिप्पणी नहीं करेंगे।

खड़गे ने भाजपा से योगी के नारे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एकता संदेश 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे' के बीच फैसला करने को कहा। महाराष्ट्र के नागपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में



खड़गे ने लाल कवर वाली संविधान की एक प्रति को लेकर राहुल गांधी की आलोचना करने के लिए भाजपा पर भी पलटवार किया। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को पीएम मोदी द्वारा ऐसी ही एक प्रति भेंट करने की तस्वीर दिखाई।

कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा और आरएसएस पर वोट हासिल करने के लिए लोगों को भड़काने का आरोप लगाया। एक अखबार के लेख का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने पढ़ा है कि आरएसएस ने यूपी के सीएम द्वारा लगाए जा रहे नारे 'बटेंगे तो कटेंगे' का समर्थन किया है। उन्होंने कहा- पहले आप आपस में तय करें कि किसका नारा मानना है, योगी जी का या मोदी जी का। उन्होंने आगे कहा-बीजेपी नेता भड़काऊ भाषण देते हैं और झूठ बोलते हैं और लोगों का ध्यान मुख्य मुद्दों से भटकाते हैं।

## दिल्ली में 10 हजार वालंटियर्स की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली ■** दिल्ली सरकार ने अगले चार महीने के लिए 10 हजार सिविल डिफेंस वालंटियर्स यानी सीडीवी की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री आतिशी ने शनिवार, नौ अक्टूबर को कहा कि करीब 10 हजार सिविल डिफेंस वॉलंयिटर्स अगले हफ्ते से चार महीने के लिए काम पर लौट आएंगे। इन्हें पिछले साल बस मार्शल के पद से हटा दिया गया था। इन्हें प्रदूषण रोकने के उपायों को लागू करने के लिए तैनात किया जाएगा।

आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार ने इसके एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि सोमवार से सीडीवी को कॉल आउट नोटिस जारी किए जाएंगे और फिर वे मंगलवार और बुधवार को संबंधित जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में पंजीकरण शुरू कर सकते हैं। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि रजिस्ट्रेशन के दो तीन दिनों के भीतर सीडीवी को प्रदूषण हॉटस्पॉट के प्रबंधन, धूल प्रदूषण और कचरा जलाने को रोकने जैसे कामों के लिए तैनात किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा- महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीडीवी को 2018 में तत्कालीन केजरीवाल सरकार द्वारा बस मार्शल के रूप में तैनात किया गया था, लेकिन भाजपा ने एक साजिश के तहत उन्हें अक्टूबर 2023 में हटा दिया था। आतिशी ने कहा- मैं बस मार्शलों को आश्वस्त करती हूं कि आने वाले कुछ दिनों में ही बस मार्शलों की स्थायी नियुक्ति का प्रस्ताव उप राज्यपाल के पास भेजेंगे। जब तक इन्हें स्थायी नियुक्ति नहीं मिल जाती तब तक फरवरी के महीने तक बस मार्शलों को प्रदूषण के खिलाफ मुहिम में जोड़ा जा रहा है।

## खालिस्तान समर्थकों पर बदली ट्रूडो की भाषा

**नई दिल्ली ■** खालिस्तानी अलगाववादियों को लेकर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की भाषा बदल गई है। उन्होंने माना है कि कनाडा की धरती पर खालिस्तान समर्थक मौजूद हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद चल रहा है। भारत का आरोप है कि कनाडा ने खालिस्तान समर्थकों को अपने यहां छूट दे रखी है और वे भारत विरोधी गतिविधियां चला रहे हैं। दूसरी ओर कनाडा ने भारत पर आरोप लगाया कि उसने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कराई थी।

बहरहाल, इस विवाद के बीच ट्रूडो ने पहली बार यह माना है कि कनाडा में खालिस्तान समर्थक मौजूद हैं।



हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि ये लोग पूरे सिख समुदाय प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। ट्रूडो ने यह बात शुक्रवार, आठ नवंबर को कनाडा की संसद पार्लियामेंट हिल में आयोजित दिवाली समारोह में कही। माना जा रहा है कि यह अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव जीतने का असर हो सकता है।

ट्रूडो ने खालिस्तान समर्थकों पर बयान देने के साथ साथ यह भी कहा कि कनाडा में रहने वाले कई हिंदू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थक भी हैं, लेकिन वे पूरे कनाडाई हिंदू समाज का प्रतिनिधित्व नहीं करते। गौरतलब है कि ट्रूडो अभी तक खालिस्तानी आतंकियों और अलगाववादियों को शरण देने के आरोपों को खारिज करते रहे हैं। ऐसे में ट्रूडो का बयान काफी अहम माना जा रहा है। हालांकि उन्होंने इसमें भी नरेंद्र मोदी समर्थक हिंदुओं की बात करके इसे बैलेंस करने का प्रयास किया है।

इस बीच खबर है कि कनाडा ने आठ नवंबर से स्टूडेंट डायरेक्ट स्ट्रीम यानी एसडीएस वीजा प्रोग्राम बंद कर दिया है। कनाडा ने 2018 में यह प्रोग्राम शुरू किया था। इसके तहत 14 देशों के छात्रों को जल्दी वीजा दिया जाता है। इन 14 देशों में भारत के अलावा पाकिस्तान, चीन, मोरक्को जैसे देश शामिल हैं। खबरों के मुताबिक कनाडा सरकार अपने यहां आने वाले अप्रवासियों की संख्या में कटौती करना चाहती है। इस वजह से यह कदम उठाया गया है। सरकार ने अपनी वेबसाइट पर बताया है- हम दुनिया के सभी छात्रों को समान अवसर प्रदान करना चाहते हैं। इसलिए कुछ देशों के लिए शुरू हुई स्टूडेंट डायरेक्ट स्ट्रीम को बंद करने का फैसला किया गया है। अब दुनिया भर के सभी छात्र समान रूप से स्टूसडेंट वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# ललितपुर में विद्युत प्रीपेड मीटर लगाने वाली कंपनी गोवा में ब्लैकलिस्टिड है : बु. वि. सेना

## उपभोक्ताओं की जेबों पर विद्युत विभाग डाका डाल रहा है : बु. वि. सेना, सदर विधायक ने बु. वि. सेना प्रमुख को दूरभाष पर कहा कि इस मामले का हल शीघ्र होगा

**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट पुष्पांजलि टुडे ललितपुर**

ललितपुर । आज स्थानीय कम्पनी बाग में बु. वि. सेना की एक आवश्यक बैठक बु. वि. सेना के वरिष्ठ सदस्य राजमल बरया की अध्यक्षता में आहूत की गई । बैठक में ललितपुर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाली जीनस कंपनी के गोवा में ब्लैकलिस्टिड होने पर गहरी चिन्ता और रोष व्यक्त किया गया । बु. वि. सेना के वरिष्ठ राजमल बरया ने कहा कि ललितपुर शहर में विद्युत विभाग द्वारा नियुक्त स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाली कंपनी पहले से गोवा में ब्लैकलिस्टिड है । उक्त कंपनी ने विगत दिनों सर्वे पूरा करके ललितपुर शहर में प्रीपेड मीटर आवासों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर लगाने का काम शुरु कर दिया है । टेक्नीकली ब्लैकलिस्टिड उक्त स्मार्ट प्रीपेड मीटर कई गुना तेजी से भागते है जिस कारण जनता की जेबों पर भारी बोझ पड़ेगा । सैकड़ों जगह पर लग चुके हैं । उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू की दूरभाष पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा जी से वार्ता हुई है और उन्होंने जिलाधिकारी से मिलकर इसका हल निकालने का आश्वासन दिया है । उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश के अन्य जिलों में भी लगाये जा रहे प्रीपेड मीटर में भी यही शिकायत मिल रही है। प्रदेश के इस अति पिछड़े जिले पर यह जबरन थोपकर उपभोक्ताओं की जेबों पर डाका डालने की तैयारी



की जा रही है जो कि सर्वथा अनुचित है । बु.वि. सेना के जिला कमांडेन्ट सुधेश नायक ने कहा कि उक्त जीनस कंपनी द्वारा प्रस्तावित प्रीपेड स्मार्ट मीटर मानकों के विपरीत हैं एवं उनकी मीटर रीडिंग का पहिया अत्यधिक तेज गति से घूमता है जिस कारण उपभोक्ता की जेबों पर भारी-भरकम बोझ पड़ेगा । अतः उक्त कंपनी के प्रीपेड मीटरों को तत्काल प्रभाव से रोके जाने और जांच कराये जाने की आवश्यकता है । इसके अलावा बु. वि. सेना के जिला कमांडेन्ट ने यह भी कहा कि सम्पूर्ण देश में उ. प्र. की बिजली दरें सबसे अधिक हैं जिस कारण उपभोक्ताओं की जेबों पर भारी बोझ पड़ रहा है ।उन्होने उ. प्र. सरकार से मांग की है कि विद्युत दरों में बदलाव करके उपभोक्ताओं की जेबों पर पड़ने वाले बोझ को कम किया जाये । बैठक का संचालन बु. वि. सेना के जिला कमांडेन्ट सुधेश नायक ने किया । बैठक में बु.वि. सेना के वरिष्ठ सदस्य कदीर खां , फूलचंद रजक , राजकुमार कुशवाहा , बी. डी चंदेल , अमरसिंह बुन्देला , देवेन्द्र राजा , प्रदीप साहू , विनोद साहू , गफूर खां , प्रदीप गोस्वामी, बल्लू कुशवाहा , नंदराम कुशवाहा ,संजय सिंह , सुरेश कुशवाहा , देवेन्द्र अहिरवार , सुधीर धानुक रामस्वरूप राजपूत , प्रमोद कुमार , आशाराम नगेले , नरेन्द्र अहिरवार , काशीराम , राजीव साहू , प्रमोद खुशाल बरार , रोहित कुमार जगदीश, पर्वत ,भैय्यन कुशवाहा , रवि रैकवार , राजाराम अहिरवार , हनुमत पहलवान, रामस्वरूप, जगदीश झा, विनोद चन्देल साहिद अली , भैय्यन कुशवाहा , खुशाल बरार, प्रदीप साहू , कामता भट्ट , आदि मौजूद रहे ।






## दतिया शांति इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने निकाली सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली

**संदीप प्रधान उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

दतिया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए शांति इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, दतिया के छात्रों ने शहर में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। यह रैली ठंडी सड़क चौराहा से शुरू होकर दतिया बाजार के बीचों-बीच निकाली गई, जिसमें छात्रों ने ट्रैफिक सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया। रैली के दौरान छात्रों ने तख्तियां और बैनर लेकर विभिन्न नारे लगाए, जैसे हेलमेट लगाओ, सुरक्षा बचाओ÷ और ÷सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा÷। छात्रों ने लोगों से सड़क नियमों का पालन करने और बाइक चलाते समय हेलमेट पहनने की अपील की। उनकी ऊर्जा और उत्साह ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का स्पष्ट संदेश दिया। इस आयोजन में शांति इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के शिक्षक और स्टाफ ने भी सहयोग दिया और छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अभियान का उद्देश्य समुदाय को सड़क सुरक्षा के महत्व से अवगत कराना और दतिया की सड़कों को सुरक्षित बनाना है।स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना की और छात्रों के इस प्रयास की सराहना की।

## दतिया आबकारी विभाग की बहुत बड़ी कार्यवाही

**संदीप प्रधान उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**





केडिया ग्रेट गैलियन धार से शासकीय विदेशी मदिरा भांडागार शिवपुरी के लिए परेषण ट्रक क्रमांक ऋछ 11 ज्ञ 7148 रवाना हुआ जिसे दिनांक 07 नवंबर की शाम तक शिवपुरी पहुँचना था। समयावधि में गंतव्य स्थान पर ट्रक के नहीं पंहुचने पर आबकारी विभाग के आई टी टीम द्वारा अभिजीत अग्रवाल आबकारी आयुक्त को अवगत कराया। आबकारी आयुक्त ने तत्काल घटना का संज्ञान लेते हुए मुख्यालय में पदस्थ श्री संजीव दुबे को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। टेक्नोलॉजी एवं अपने श्रोतों का इस्तेमाल करते हुए श्री दुबे एवं संभाग के उपायुक्त डॉ प्रमोद झा द्वारा प्रश्नाधीन ट्रक को ट्रेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर ट्रैक सिस्टम, संभावित टॉल के डिटेल्स, वाहन के वजन आदि के आधार पर, ट्रक के लास्ट लोकेशन से दतिया टीम को अवगत कराते हुए तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। आज शाम को दतिया टीम ने तत्काल सफलता पूर्वक कार्रवाई करते हुए उक्त ट्रक को उसके द्यड्डह्यह्ल द्यश्वष्ड्डह्लद्बश्ठ्ठ से क़ब्ज़े आबकारी ले लिया है एवं ड्राइवर को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह कार्रवाई आबकारी आयुक्त के कुशल निर्देशन पर विभागीय अधिकारियों द्वारा ट्रक को तत्काल जप्त किया गया है। धार की शराब फैक्ट्री से विदेशी शराब लेकर ग़ायब हो गए ट्रक को 24 घंटे के अंदर दतिया में पकड़ा गया। ट्रक का ड्राइवर आदतन अपराधी है और उसकी क्राइम रिकॉर्ड के देखते हुए उसे पकड़ने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। आबकारी आयुक्त के निर्देश पर मुख्यालय के अधिकारी श्री संजीव दुबे, ग्वालियर संभाग के उपायुक्त श्री प्रमोद झा, आबकारी उप निरीक्षक श्री गौरव शिवपुरी तथा श्री राकेश राणा ज़िला आबकारी अधिकारी दतिया के सूझबूझ से अपराध में लिप्त ट्रक को दतिया जप्त कर लिया गया है । आगे की कार्रवाई शिवपुरी और दतिया की आबकारी टीम करेगी आबकारी विभाग के इतिहास में महत्वपूर्ण रहा है।

## अवैध हथियार सहित एक आरोपी को देहात पुलिस ने धरदबोचा




**पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक, नगर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक मुकेश शाक्य के नेतृत्व जिला भिण्ड में अवैध शराब, अवैध हथियार व गुण्डा बदमाशों पर लगातार अभियान चलाकर धरपकड की कार्यवाही जारी है। मुखबिर के द्वारा दी गई सूचना पर बीटीआई डाईट स्कूल के ग्राउण्ड में से एक आरोपी को एक 315 बोर का कटटा व एक जिन्दा राउण्ड के साथ गिरफ्तार कर लिया गया तथा आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया आरोपी को उपलब्ध हुये अवैध शस्त्र के स्त्रोत व खरीद फरोख्त का पता लगाया जा रहा है। उक्त सराहनीय कार्य में निरीक्षक मुकेश शाक्य, उपनिरीक्षक अजय यादव, विजय शिवहरे, देवेन्द्र राठौर, प्रधान आरक्षक विनोद कुमार, गुरूदास सोही, सोनेन्द्र राजावत, विनोद सगर, जयप्रकाश शर्मा,आरक्षक सुभाष तोमर, धर्मपाल सिंह,राहुल शुक्ला,अतुल पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

**सिद्धचक्र महामंडल विधान के तीसरे दिन चौसठ रिद्धि विधान का हुआ भव्य आयोजन।**

## विशुद्धि पूर्वक सिद्धों की आराधना करने से होती है सभी मनोकामनाएं पूर्ण- आर्यिका गणिनी सृष्टिभूषण

**अनुज सिंह ठाकुर**
**ब्यूरो रिपोर्ट पुष्पांजलि टुडे ललितपुर**

ललितपुर। बुंदेलखंड के प्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र पावागिरि में टीकमगढ़ में चातुर्मास पूर्ण कर शुक्रवार को परमपूज्य आर्यिका गणिनी सृष्टिभूषण माता का ससंघ शुभागमन हुआ। आचार्य सुमति सागर महाराज की परम प्रभावक शिष्या आर्यिका गणिनी सृष्टिभूषण माता जी, विश्वयश मति माता जी एवं क्षुल्लिका आप्तमति माता के पावागिरि आगमन पर क्षेत्र प्रबंध समिति के तत्वाधान में जैन धर्माबिलंबियों ने ड़ोल नगाड़ों के साथ जयकारे एवं सत्य अहिंसा के नारे लगाते हुए भव्य आगुवानी की एवं पाद पृच्छालन किया। प्रतिष्ठाचार्य बा.ब्र. अभिषेक भैया पवई, बा.ब्र. पारस भैया प्रशम एवं बा.ब्र. प्रिंस जैन टीकमगढ़ के निर्देशन में मंगल घटयात्रा के साथ सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारम्भ किया जिसमें मांगलाष्ठक, देव आज्ञा, गुरु आज्ञा, आचार्य निमंत्रण, जाप्यानुष्ठान, इंद्र प्रतिष्ठा, सकलीकारण, ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलन की क्रियाएँ विधि विधान से संपन्न की गयी। दूसरे दिन शनिवार को त्रिकाल चौबीसी के मूलनायक भगवान मुनिसुव्रत नाथ



स्वामी का मस्तिकाभिषेक किया गया। मंजीत एन्ड पार्टी भोपाल के मधुर संगीत में भक्ति भाव के साथ सिद्धों की आराधना कर द्विगुण-द्विगुण विधान में 16 एवं 32 कुल 48 अर्घ समर्पित किये। सिद्ध चक्र महामंडल विधान के तीसरे दिन रविवार अतिशय युक्त चमत्कारी बाबा मूलनायक पारसनाथ स्वामी का नित्यमय अभिषेक शांतिधारा एवं चौंसठ रिद्धि विधान का आयोजन किया गया। इस मौड़े पर धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए आर्यिका गणिनी सृष्टिभूषण माता ने धर्म का मर्म समझाते हुए विशुद्धि पूर्वक सिद्धों की आराधना करने का आह्वान किया। रात्रि में मंगल आरती एवं शास्त्र प्रवचन का आयोजन किया गया। मंदिर समिति के उपाध्यक्ष विशाल जैन पवा ने बताया की सिद्ध क्षेत्र पावागिरि में 8 से 15 नवंबर तक सिद्ध चक्र महामंडल विधान के उपरांत 17 से 20 नवंबर तक वार्षिक मेला का भव्य आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में क्षेत्र प्रबंध कार्यकारिणी समिति एवं सकल दिगम्बर जैन समाज का सक्रिय सहयोग रहा। संचालन क्षेत्र अध्यक्ष ज्ञानचंद्र जैन पुरा एवं आभार व्यक्त अभिषेक जैन विरधा ने किया।

## महिला जागरूकता शिविर में पौष्टिक सामग्री वितरित की गई





भोपाल/विदिशा। सामाजिक संस्था भारती ग्रामोत्थान सामाजिक विकास संस्थान नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेस इनकॉरपोरेटेड के सहयोग से मेनोपॉज सिम्पटम्स योजना के अंतर्गत विदिशा के अंदरकिला बक्सरिया में लगाए विशाल जागरूकता शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर जरूरी दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान आने वाली समस्याओं के निराकरण के उपायों से अवगत कराया एवं महिलाओं को सुरक्षित जीवन जीने के उपाय बताए गए।

शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हंसा शाह, वरिष्ठ चिकित्सक रमेश सोनकर, डॉक्टर बद्री सिंह एवं डॉ. देवेंद्र सिंह ने महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें जीवन में आगे बढ़ाने हेतु विभिन्न उपाय बताए। इस अवसर पर महिलाओं को विभिन्न प्रकार की दालें चावल, आटा, हरी मूंग, रोस्टेड चना एवं अन्य उपयोगी पौष्टिक सामग्री के साथ दूध पाउडर और प्रोटीन पाउडर का वितरण किया गया।इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक हंसा शाह ने कहा कि समाज में फैली गरीबी और आधुनिक जीवन शैली के चलते महिलाओं में पोषक तत्वों की कमी आ रही है। इस हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम बहु उपयोगी साबित होते हैं। शिविर में मास्टर ट्रेनर श्रीमती इंदिरा शर्मा, सुश्री केसर जहां एवं प्रीति शर्मा ने भी महिलाओं को उनके जीवन उपयोगी सिद्धांतों से परिचय कराया।वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती इंदिरा शर्मा ने कहा कि महिलाएं न केवल चूल्हे चक्की तक सीमित रहती हैं बल्कि मध्य और गरीब घर की महिलाएं उचित खानपान खानपान , पोषक तत्वों के अभाव में शारीरिक रूप से कमजोर हो जाती हैं इस हेतु सामाजिक संस्था भारती ग्रामोत्थान सामाजिक विकास संस्थान के प्रयास सराहनीय हैं।शिविर का संचालन वरिष्ठ समाजसेवी वेद प्रकाश शर्मा ने सभी चिकित्सकों का आभार माना। शिविर में विशेष रूप से उपस्थित लायंस क्लब के अध्यक्ष अरुण सोनी ने भी महिलाओं को महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाएं हौसले की मजबूती के लिए जानी जाती हैं अतः परिवार जनों को महिलाओं की सुविधाओं का ध्यान रखना चाहिएशिविर में करीब दो सो महिलाओं ने भाग लिया। साथ ही स्थानीय सामाजिक संगठनों ने विशेष सहयोग किया।

## भूतपूर्व सैनिक 11 नवंबर को धरना प्रदर्शन कर केंद्रीय रक्षा मंत्री एवं राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को सौपेंगे ज्ञापन



**पंकज त्रिपाठी ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भूतपूर्व सैनिकों द्वारा जिला प्रशासन और जिला कलेक्टर द्वारा फौजियों की जमीनों पर कब्जे को लेकर राजस्व अधिकारियों द्वारा प्राथमिकता नहीं देना,सीआरपीएफ कोबरा बटालियन कमांडो शहीद सैनिक पवन भदौरिया की शहादत के एक साल उपरांत सम्मान राशि नहीं देना ,पुलिस प्रशासन द्वारा सैनिकों के परिवारों की प्रताड़ना के प्रकरण की रिपोर्ट दर्ज नहीं करना,कैप्टन ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया का जिलाधिकारी द्वारा अपमान करना आदि मामलों को लेकर 11 नवंबर सोमवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया जाएगा साथ ही जिला प्रशासन द्वारा सैनिकों और शहीद परिवारों की समस्याओं को हल नहीं किया गया तो अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा,भूतपूर्व सैनिक संघ के जिला अध्यक्ष सूबेदार मेजर राकेश सिंह कुशवाह रिटायर्ड ने बताया कि ग्वालियर से भी सैनिक कल्याण संगठन चंबल संभाग अध्यक्ष अरविंद सिंह तोमर के साथ ग्वालियर के भूतपूर्व सैनिक आंदोलन में शामिल होंगे,पूर्व सैनिक संघ के जिला अध्यक्ष ने बताया कि केंद्र सरकार की गाइडलाइन के बाबजूद फौजियों शहीद परिवारों के मामलों को प्रशासन तवज्जो नहीं देता है,भिंड पुलिस फौजी परिवारों के प्रताड़ना के मामलों में रिपोर्ट दर्ज तक नहीं करती है,भिंड के जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक अमर शहीदों के अंतिम संस्कार तक में शामिल नहीं होते,शहीद कालोनी की दुर्दशा हो रही है,शहीदों के परिवारों को 100 यूनिट फ्री बिजली नहीं मिलती कलेक्टर का बरताव उचित नहीं रहता यह रवैया बहुत ही दुर्भाग्य पूर्ण है,प्रदर्शन में शहीदों के परिवार और वीर नारियां भी शामिल होंगी सूबेदार मेजर ने बताया कि प्रदर्शन की तैयारी को लेकर मीटिंग भी हुई और सभी भूतपूर्व सैनिकों देश भक्तो से ज्यादा से ज्यादा संख्या में आंदोलन में शामिल होने की अपील की है।





### गोले के मन्दिर चौराहे पर स्थति शराब की दूकान में खुले में शराब पिलाई जा रही है लेकिन गोले के मंदिर थाने द्वारा दुकान पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है

### ऐसा लगता है की कही ना कही थाना प्रभारी जी महरबान है ठेकेदार पर..


## प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद अखंड भारत सामाजिक संगठन ललितपुर में कुश कुटी मंदिर में एक मीटिंग आयोजित की गई




**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट पुष्पांजलि टुडे ललितपुर**

प्रमोद मेहता जी अध्यक्षता में जिसमें में जिला में सदस्यता अभियान चलाने हेतु सभी पदाधिकारी को अवगत कराया गया जिसमें सभी ब्लॉकों में एवं तहसीलों में सदस्यता अभियान चलाया जाना है बैठक में शामिल जिला अध्यक्ष घीरज कुशवाहा जगदीश कुशवाहा प्रदेश मंत्री उ प्र बलराम कुशवाहा वरिष्ठ महामंत्री नंदराम कुशवाहा जिला प्रवक्ता विजय कुशवाहा मसोरा दीपक कुशवाहा सेमरा बार डा बृजेश कुशवाहा जितेन्द्र कुशवाहा राजा कुशवाहा सुमित कुशवाहा ललनजू कुशवाहा तालबेहट श्रीप्रकाश कुशवाहा जिला प्रभारी जानकी कुशवाहा वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोनू कुशवाहा जिला महामंत्री देवेंद्र कुशवाहा जिला महामंत्री पर्वत सिंह कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष बालकिशन कुशवाहा जिला मंत्री शत्रुघ्न कुशवाहा रामलाल कुशवाहा खजुरिया एवं आदि लोग मौजूद रहे ।।

## लोकमत परिष्किार मतदान जागृति अभियान





**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

नवी मुंबईः शनिवार को सीरवी समाज , कलंबोली के अध्यक्ष धन्नाराम एच गेहलोत बाली के नेतृत्व में सीरवी समाज के सदस्यों के लिए श्री आई माताजी मंदिर, कलंबोली,पनवेल में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान बैठक आयोजित की गई जिसमें उपस्थित सभी समाज बंधूओ और मातृशक्ति ने 100 प्रतिशत मतदान और राष्ट हित में मतदान अभियान के लिए सक्रिय रूप से काम करने का निर्णय लिया गया है। धन्नाराम एच चौधरी बाली ने बताया कि हम किसी भी राजनीतिक पार्टी या किसी नेता का समर्थन में प्रचार नहीं कर रहे हैं।हम केवल राष्ट हित में मतदान और राष्ट सर्वोपरि परिकल्पना के लिए काम करेंगे।*

संपादकीय

# बवाल का भाजपायी मकसद


जम्मू–कश्मीर की नवगठित विधानसभा के पहले दिन से जारी हंगामा तथा शोर–शराबा गुरुवार को अपने चरम पर पहुंच गया जब सत्तारुढ नेशनल कांफ्रेंस और भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों के बीच जमकर हाथापाई हुई जिसमें कई भाजपायी विधायकों को मार्शलों की मदद से सदन के बाहर निकाल दिया गया। सोमवार से प्रारम्भ हुए सत्र में हर रोज जम्मू–कश्मीर को पूर्ण व विशेष राज्य का दर्जा बहाल करने तथा 5 अगस्त, 2019 को खत्म किये गये अनुच्छेद 370 को रद्द करने के लिये लाये प्रस्ताव पर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो रहा है। लगातार चौथे दिन भी कोई काम–काज नहीं हो पाया। गुरुवार को विवाद उस वक्त बढ गया जब सदन में इंजीनियर रशीद के भाई व विधायक खुर्शीद अहमद शेख ने अनुच्छेद 370 तथा कैदियों को रिहा करने से सम्बन्धित बैनर लहराये। विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई जिसके कारण हुए हंगामे को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम ने पहले तो कुछ देर के लिये बैठक स्थगित की लेकिन सदन बहाल होने पर भी शोर–शराबा नहीं थमा। इसके कारण विधायकों के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। इसमें दो भाजपा सदस्य जख्मी हो गये। बुधवार को भी इसी मामले को लेकर सदन में दोनों पक्षों के बाच हंगामा बरपा था। वैसे इस मुद्दे को लेकर सत्ता पक्ष को बेहतर समन्वय करने तथा भाजपायी मकसद को समझने की जरूरत है जो चाहती है कि इसके जरिये एनसी, कांग्रेस तथा पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की छवि को नकारात्मक ढंग से पेश किया जाये। इस बहस में पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी का भी बयान लेकर उतर आना दर्शाता है कि सत्ताधारी दल द्वारा की गई मांगों (अनुच्छेद 370 की बहाली और राज्य को पूर्ण व विशेष राज्य का दर्जा देना) को देशविरोधी साबित करने और उसका फायदा झारखंड एवं महाराष्ट्र के चुनावों में उठाने की कोशिश भाजपा द्वारा की जायेगी। एक दशक के बाद बनी सरकार के पहले सत्र के पहले दिन (सोमवार को) से ही बहस और शोर–शराबे की शुरुआत हो गई थी जब पीडीपी के सदस्य और पुलवामा विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि वहीद पारा ने पूर्ण व विशेष राज्य का दर्जा और अनुच्छेद 370 को बहाल करने सम्बन्धी प्रस्ताव पेश किया था। यह न केवल उनकी पार्टी की नीति के बल्कि एनसी–कांग्रेस गठबन्धन की घोषणा के भी अनुकूल था। चुनाव प्रचार के दौरान इन तीनों ही दलों ने इस आशय का वादा तो किया ही था, वे इसकी मांग भी करते रहे हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस प्रस्ताव के प्रति सैद्धांतिक सहमति तो जताई पर यह कहकर उसे नामंजूर किया कि श्यह वास्तविक इरादे से नहीं बल्कि केवल ध्यान आकर्षित करने के लिये प्रस्तुत किया गया है।श उन्होंने यह भी कहा कि श्यदि पीडीपी इसे लेकर गम्भीर थी तो उसे एनसी के साथ पहले विचार–विमर्श करना चाहिये था।श उल्लेखनीय है कि पीडीपी राष्ट्रीय स्तर पर बने इंडिया गठबन्धन का हिस्सा तो है लेकिन उसने विधानसभा का चुनाव अलग लड़ा था। साफ है कि प्रादेशिक राजनीति की प्रतिद्वंद्विता इस मसले में भी दिखलाई दी जो इस राज्य के लिये सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। वैसे बुधवार को भी यही नौबत आ गई थी जब उप मुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी ने भी इसी आशय का प्रस्ताव प्रस्तुत कर दिया था। उसके बाद भी हुए हंगामे के कारण ऐसे ही सदन को स्थगित करना पड़ा था। 90 सीटों वाली जम्मू–कश्मीर विधानसभा में एनसी–कांग्रेस–वामपंथी दलों के गठबन्धन को 49 सीटें मिली हैं जबकि भाजपा को 29 प्राप्त हुईं। पीडीपी के हिस्से में 3 ही सीटें आई हैं। 7 निर्दलीय एवं 1 आप का सदस्य है जो प्रकारान्तर से इंडिया का ही हिस्सा है। वैसे तो दलगत स्थिति ऐसी है कि गठबन्धन की सरकार को तत्काल कोई खतरा नहीं है और भाजपा द्वारा राज्य की निर्वाचित सरकारों को गिराने का जो खेल होता है वह फिलहाल इस राज्य में होने से रहा। तो भी गठबन्धन सरकार को राज्य के लिये इस सबसे अहम मुद्दे को बहुत सम्हलकर, पूरे समन्वय एवं तैयारियों के साथ सिरे तक पहुंचाना होगा। जिस तरह से गठबन्धन सरकार के ही उप मुख्यमंत्री तथा इसे लेकर समान विचार व दृष्टिकोण रखने वाली पीडीपी द्वारा बगैर विचार–विमर्श के इस पर प्रस्ताव लाया गया, उसका लाभ भाजपा ले सकती है। स्मृति ईरानी का बयान भी कुछ इसी तरह के इशारे कर रहा है। हंगामे के बाद एक प्रेस कांफ्रेंस लेकर उन्होंने कहा कि श्इंडिया एलायंस वाले संविधान की कसमें खाते हैं परन्तु वे उसकी धज्जियां उड़ा रहे हैं।श बुधवार को 370 बहाली को लेकर हुए हंगामे को लेकर उन्होंने इंडिया, खासकर कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद वहां के आदिवासियों को आरक्षण का जो लाभ मिल रहा है वह खत्म हो जायेगा। झारखंड तथा महाराष्ट्र में जो चुनाव होने जा रहे हैं उनमें इसके कारण कांग्रेस को नुकसान होने की उन्होंने बात कही। यह बात तो साफ है कि स्मृति इस मामले को इस तरह से पेश कर रही हैं कि अनुच्छेद 370 की बहाली मानों देश की एकता व अखंडता के खिलाफ है, जैसी कि उनकी पार्टी करती आई है, तो सम्भवतरू भाजपा इसी विमर्श को आगे बढ़ा सकती है। हालांकि पहले भी वह इस अनुच्छेद को संविधान विरोधी व देश की एकता के खिलाफ बतलाती रही है। यह भी सच है कि मामला केन्द्र के हाथ में है तथा जम्मू–कश्मीर के पास प्रस्ताव पारित करने के अलावा कोई अधिकार नहीं है, फिर भी इस पर समन्वय जरूरी है। राज्य सरकार कोई ऐसी गलती न करे जिससे भाजपा या केन्द्र को कोई बड़ा कदम उठाने का मौका मिल जाये।

**युगदृष्टा एवं राष्ट्रऋषि श्री दत्तोपंत ठेंगड़ी के जन्म दिवस स्वदेशी एवं वैश्वीकरण के बीच सामंजस्य चाहते थे श्री दत्तोपंत जी ठेंगड़ी**

# महेंद्र शर्मा द्वारा प्रदर्शित यह लेख स्वदेशी जागरण मंच एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के उद्देश्य एवं भारत के निर्माण में हुए अभूतपूर्व योगदान के बारे में बताया है।

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

श्री दत्तोपंत जी ठेंगड़ी का जन्म 10 नवम्बर, 1920 को, दीपावली के दिन, महाराष्ट्र के वर्धा जिले के आर्वी नामक





ग्राम में हुआ था। श्री दत्तोपंत जी के पित्ताजी श्री बापूराव दाजीबा ठेंगड़ी, सुप्रसिद्ध अधिवक्ता थे, तथा माताजी, श्रीमती जानकी देवी, गंभीर आध्यात्मिक अभिरूची से सम्पन्न थी। उन्होंने बचपन में ही अपनी नेतृत्व क्षमता का आभास करा दिया था क्योंकि मात्र 15 वर्ष की अल्पायु में ही, आप आर्वी तालुका की 'वानर सेना' के अध्यक्ष बने तथा अगले वर्ष, म्यूनिसिपल हाई स्कूल आर्वी के छात्र संघ के अध्यक्ष चुने गये थे। आपने बाल्यकाल से ही अपने आप को संघ के साथ जोड़ लिया था और आपने अपने एक सहपाठी और मुख्य शिक्षक श्री मोरोपंत जी पिंगले के सानिध्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ शिक्षा वर्गों का तृतीय वर्ष तक का प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कर लिया। आपके वर्ष 1936 से नागपुर में अध्यनरत रहने तथा श्री मोरोपंत जी से मित्रता के कारण आपको परम पूजनीय डॉक्टर जी को प्रत्यक्ष देखने एवं सुनने का अनेक बार सौभाग्य प्राप्त हुआ और आगे चलकर आपको परम पूजनीय श्री गुरूजी का भी अगाध स्नेह और सतत मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। दिनांक 22 मार्च 1942 को संघ के प्रचारक का चुनौती भरा दायित्व स्वीकार कर आप सुदूर केरल प्रान्त में संघ का विस्तार करने के लिए कालीकट पहुंच गए थे।श्री दत्तोपंत जी बचपन में ही संघ के साथ जुड़ गए थे अतः आपके व्यक्तित्व में राष्ट्रीयता की भावना स्पष्ट रूप से झलकती थी। आपके व्यक्तित्व का चित्रण करते हुए श्री भानुप्रताप शुक्ल जी लिखते हैं कि ÷रहनङ्कसहन की सरलता, अध्ययन की व्यापकता, चिन्तन की गहराई, ध्येय के प्रति समर्पण, लक्ष्य की स्पष्टता, साधना का सातत्य और कार्य की सफलता का विश्वास, श्री दत्तोपंत ठेंगड़ी का व्यक्तित्व रूपायित करते हैं।÷चूंकि श्री दत्तोपंत जी मजदूर क्षेत्र से सम्बंधित रहे थे अतः आपको वर्ष 1969 में भारत के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल के सदस्य के रूप में रूस एवं हंगरी जाने का मौका मिला। यह यात्रा आपके लिए साम्यवाद के वास्तविक स्वरूप का बारीकी से अध्ययन करने का एक अच्छा अवसर साबित हुई। इस यात्रा के बाद आपने अनुभव किया कि साम्यवादी विचारधारा में खोखलापन है एवं यह कई अन्तर्विरोधों से घिरी हुई है। हालांकि उस समय दुनिया के कई देशों में साम्यवाद अपनी बुलंदियों को छू रहा था, परंतु श्री दत्तोपंत जी ने उसी समय पर बहुत आत्मविश्वास के साथ कहा था कि आगे आने वाले समय में साम्यवाद अपने अन्तर्विरोधों के कारण स्वतः ही समाप्त हो जाएगा इसके लिए किसी को किसी प्रकार के प्रयत्न करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। आज परिणाम हम सभी के सामने है। इसी प्रकार आपकी आर्थिक दृष्टि भी बहुत स्पष्ट थी। आर्थिक क्षेत्र के संदर्भ में साम्यवाद एवं पूंजीवाद दोनों ही विचारधाराएं भौतिकवादी हैं और इन दोनों ही विचारधाराओं में आज तक श्रम एवं पूंजी के बीच सामंजस्य स्थापित नहीं हो पाया है। इस प्रकार, श्रम एवं पूंजी के बीच की इस लड़ाई ने विभिन्न देशों में श्रमिकों का तो नुकसान किया ही है साथ ही विभिन्न देशों में विकास की गति को भी बाधित किया है। आज पश्चिमी देशों में उपभोक्तावाद के धरातल पर टिकी पूंजीवादी अर्थव्यवस्थाओं पर भी स्पष्टतः खतरा मंडरा रहा है। 20वीं सदी में साम्यवाद के धराशायी होने के बाद एक बार तो ऐसा लगने लगा था कि साम्यवाद का हल पूंजीवाद में खोज लिया गया है। परंतु, पूंजीवाद भी एक दिवास्वप्न ही साबित हुआ है और कुछ समय से तो पूंजीवाद में छिपी अर्थ सम्बंधी कमियां धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है। पूंजीवाद के कट्टर पैरोकार भी आज मानने लगे हैं कि पूंजीवादी व्यवस्था के दिन अब कुछ ही वर्षों तक के लिए सीमित हो गए हैं और चूंकि साम्यवाद तो पहिले ही पूरे विश्व में समाप्त हो चुका है अतः अब अर्थव्यवस्था सम्बंधी एक नई प्रणाली की तलाश की जा रही है जो पूंजीवाद का स्थान ले सके। वैसे भी, तीसरी दुनियां के देशों में तो अभी तक पूंजीवाद सफल रूप में स्थापित भी नहीं हो पाया है। धरातल पर अर्थ के क्षेत्र में हम आज जो उक्त वास्तविकता देख रहे हैं, यह श्री दत्तोपंत जी की दृष्टि ने अपने जीवनकाल में बहुत पहिले ही देख ली थी। इसी कारण से आपने निम्न तीन विषयों पर डंकेल प्रस्तावों का गहराई से अध्ययन करने के पश्चात इनका न केवल डटकर विरोध किया था बल्कि आपने इसके विरुद्ध देश में एक सफल जन आंदोलन भी खड़ा किया। आपका स्पष्ट मत था कि बौद्धिक सम्पदा अधिकारों का व्यापार, निवेश सम्बन्धी उपक्रमों का व्यापार एवं कृषि पर करार सबंधित डंकेल प्रस्ताव भविष्य में विकासशील देशों के लिए गुलामी का दस्तावेज साबित होंगे क्योंकि यह विकसित देशों द्वारा विकासशील देशों के लिए आर्थिक साम्राज्यवाद ला सकते हैं एवं इससे विकासशील देशों की संप्रभुता संकट में पड़ जाएगी। दरअसल वर्ष 1980 से ही श्री दत्तोपंत जी ने विकसित देशों के साम्राज्यवादी षड्यंत्रों से भारत को आगाह करना प्रारम्भ किया था। आपका स्पष्ट मत था कि विश्व बैंक, अर्न्तराष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं इसी प्रकार की अन्य बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के माध्यम से विकसित देशों द्वारा विकासशील एवं अविकसित देशों का शोषण किया जा सकता है क्योंकि इस प्रकार के संस्थानों पर विकसित देशों का पूर्ण कब्जा रहता है। श्री दत्तोपंत जी का उक्त चिंतन भी सत्य होता दिखाई दे रहा है क्योंकि अभी हाल ही में चीन द्वारा श्रीलंका, पाकिस्तान एवं अन्य कई देशों को ऋण के जाल में फंसाकर इन देशों के सामरिक महत्व वाले बंदरगाहों आदि पर कब्जा करने का प्रयास किया गया है। इन्ही कारणों के चलते श्री दत्तोपंत जी ने आर्थिक क्षेत्र में साम्यवाद एवं पूंजीवाद के स्थान पर राष्ट्रीयता से ओतप्रोत एक तीसरे मॉडल का सुझाव दिया था। साम्यवाद और पूंजीवाद दोनों विचारधाराओं को, भौतिकवादी विचार दर्शन पर आधारित होने के चलते, आपने अस्वीकार कर दिया था एवं आपने हिन्दू विचार दर्शन के आधार पर ÷थर्ड वे÷ का रास्ता सुझाया। अर्थात, हिन्दू जीवन मूल्यों के आधार पर ही आर्थिक व्यवस्था के लिए तीसरा रास्ता निकाला था। पाश्चात्य आर्थिक प्रणाली भारतीय परम्पराओं के मानकों पर खरी नहीं उतरती है। भारत में तो हिंदू अर्थव्यवस्था ही सफल हो सकती है। आप अपने उद्बोधनों में कहते थे कि कि समावेशी और वांछनीय प्रगति और विकास के लिए एकात्म दृष्टिकोण बहुत जरूरी है। वर्तमान में दुनियाभर में उपभोक्तावाद जिस आक्रामकता से बढ़ रहा है, उससे आर्थिक असमानता चरम पर है। इसके समाधान के लिए आपने हिंदू जीवन शैली और स्वदेशी को विकल्प बताया। आपका मत था कि हमें अपनी संस्कृति, वर्तमान आवश्यकताओं और भविष्य के लिए आकांक्षाओं के आलोक में प्रगति और विकास के अपने माडल की कल्पना करनी चाहिए। विकास का कोई भी विकल्प जो समाज के सांस्कृतिक मूल को ध्यान में रखते हुए नहीं बनाया गया हो, वह समाज के लिए लाभप्रद नहीं होगा।श्री दत्तोपंत जी ने 'स्वदेशी' को देशभक्ति की व्यावहारिक अभिव्यक्ति के रूप में परिभाषित किया था। यह 'स्वदेशी' की एक बहुत ही आकर्षक और सभी के लिए स्वीकार्य परिभाषा है जो राष्ट्रीयता की भावना और कार्य की इच्छा को सामने लाती है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया था कि देशभक्ति का अर्थ दूसरे देशों की ओर से मुंह मोड़ना नहीं है बल्कि एकात्म मानव दर्शन के सिद्धांत का पालन करना है। हम समानता और आपसी सम्मान के आधार पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए हमेशा तैयार हैं। उन्होंने लिखा था कि ÷यह पूर्वाग्रह रखना गलत है कि स्वदेशी केवल वस्तुओं या सेवाओं से संबंधित है बल्कि इसके उससे भी अधिक प्रासंगिक पहलू है। मूलतः यह राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय संप्रभुता और स्वतंत्रता के संरक्षण, और समान स्तर पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्राप्त करने के लिए निर्धारित भावना से संबंधित है...। स्वदेशी केवल भौतिक वस्तुओं तक ही सीमित आर्थिक मामला नहीं है बल्कि राष्ट्रीय जीवन के सभी आयामों को अंगीकृत करने वाली व्यापक विचारधारा है। हर समाज की अपनी संस्कृति होती है और हर देश की प्रगति और विकास के माडल का उस देश के सांस्कृतिक मूल्यों के साथ तारतम्य होना चाहिए। आधुनिक बनने का मतलब पश्चिमीकरण नहीं है। आधुनिकीकरण के क्रम में राष्ट्रीय पहचानों को समाप्त करने की कोशिशों का विरोध करते हैं। इसी प्रकार, श्री दत्तोपंत जी ने वैश्वीकरण के सम्बंध में अपने स्पष्ट विचार व्यक्त करते हुए लिखा है कि वास्तविक वैश्वीकरण हिंदू विरासत का एक अभिन्न अंग है। प्राचीन काल से ही हम सदैव अपने आप को पूरी मानवता का अभिन्न अंग मानते रहे हैं। हमने कभी भी अपने लिए एक अलग पहचान बनाने की चिंता नहीं की। हमने सम्पूर्ण मनुष्य जाति से अपनी पहचान जोड़ी है। %पूरी पृथ्वी हमारा परिवार है% अर्थात 'वसुधैव कुटुंबकम' हमारा आदर्श वाक्य रहा है।... लेकिन अब भूमिकाएं उलट गई हैं। वैश्वीकरण का ज्ञान हमें उन लोगों द्वारा दिया जा रहा है जो अपने साम्राज्यवादी शोषण और यहां तक कि नरसंहार के इतिहास के लिए जाने जाते हैं। शैतान बाइबल का संदर्भ दे रहे हैं। आधिपत्य वैश्वीकरण के रूप में अपनी शोभा यात्रा निकाल रहे है! आपने वैश्वीकरण की आड़ में साम्राज्यवादी ताकतों द्वारा विकासशील एवं छोटे छोटे अविकसित देशों पर अपना आधिपत्य स्थापित करने के प्रयासों का पुरजोर विरोध किया था एवं स्वदेशी एवं वैश्वीकरण के बीच सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया था।

# झारखंड: हिंदू-मुस्लिम खेल शुरू!

**राजेन्द्र शर्मा**

येआपकी रोटी भी छीन रहे हैं। ये आपकी बेटी भी छीन रहे हैं। ये आपकी माटी को भी हड़प कर रहे हैं। ठीक इन्हीं शब्दों के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड के चुनाव प्रचार धमाकेदार एंट्री ली है। जाहिर है कि प्रधानमंत्री मोदी इसमें किसी भ्रम या गलतफहमी की गुंजाइश नहीं छोड़ते है कि श्येश कौन हैं जिन्होंने यह भयानक खतरा पैदा कर दिया है। श्येश और कोई नहीं, बांग्लादेशी घुसपैठिये है, जिन्हें प्रधानमंत्री मोदी के दावे के अनुसार, उनके एनडीए का प्रतिद्वंद्वी झारखंड मुक्ति मोर्चा–कांग्रेस–राजद गठबंधन का शासन श्पूरे झारखंड में बसा रहे हैंश। बेशक, प्रधानमंत्री काफी विस्तार से इसका वर्णन करते हैं कि श्येश का खतरा कितना बढ़ चुका है। वह बताते हैं कि स्कूलों में सरस्वती वंदना तक पर रोक लगने लगी है, जिसे पता चलता है कि खतरा कितना बढ गया है। तीज–त्यौहारों में पत्थरबाजी होने लगी है, माता दुर्गा को भी रोक दिया गया है, कर्फ्यू लगने लगा है, जिससे पता चलता है कि स्थिति कितनी खतरनाक हो चुकी है। बेटियों के साथ शादी के नाम पर छल–कपट होने लगा है, जिससे पता चलता है कि पानी सिर के ऊपर से गुजर गया है। बेशक, खतरे का यह सारा आख्यान प्रतिद्वंद्वी जेएमएम–कांग्रेस–आरजेडी गठबंधन को चुनाव के लिए निशाना बनाने के लिए ही है। इसीलिए, यह आख्यान शुरू होता है झारखंड के इस सत्ताधारी गठबंधन पर इसका आरोप लगाने के साथ कि उसने तुष्टङ्कीकरण की राजनीति को चरम पर पहुंचा दिया है, कि ये तीनों दल सामाजिक ताना–बाना तोड़ने पर आमादा हैं, कि श्ये तीनों दल घुसपैठिया समर्थक है आदि, आदि। और आख्यान खत्म होता है इसके आह्वङ्कान के साथ कि श्इस घुसपैठिया गठबंधन को अपने एक वोट से उखाड़ फेंकना है। बीच में खासतौर पर आदिवासियों को लक्षित कर इसका दावा भी किया जाता है कि श्अगर जेएमएम–कांग्रेस–आरजेडी की यही कुनीति जारी रही तो, आदिवासी समाज का दायरा सिकुड़ जाएगा। बेशक, कोई अति–भोलेपन से यह पूछ सकता है कि यह तो महज घुसपैठ के विरोध का सवाल है, इसमें विभाजनकारी या विशेष रूप से आपत्तिजनक क्या है? हैरानी की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री ही नहीं उनके नेतृत्व में छोटे–बड़े भी भाजपा नेताओं के यही बोल बोलने पर किसी शिकायत को संज्ञान लिए जाने की सूरत में, चुनाव आयोग भी ऐसी ही मुद्रा अपनाए। इतना ही नहीं, वर्तमान चुनाव आयोग के लिए तो शायद इतनी सफाई भी काफी होगी कि प्रधानमंत्री ने रोटी– बेटी–माटी छीनने के लिए किसी का समुदाय का नाम थोड़े ही लिया हैय वह तो आम तौर पर घुसपैठियों के खतरे की बात कर रहे थे। लेकिन, संप्रदाय विशेष का नाम न लेकर वे की आड़ में छुपकर तीर चलाने वाले भी और चुनाव आयोग समेत विभिन्न संस्थाओं में बैठे उनके मददगार भी बखूबी जानते हैं कि इस मामले को एक भावात्मक मुद्दा बनाकर उछालने का मकसद, शुद्ध सांप्रदायिक है। यह समझने के लिए किसी विशेष जानकारी की जरूरत नहीं है कि संघ–भाजपा जब भी घुसपैठ की बात करते हैं, घुसपैठ का शोर मचाते हैं, उनका निशाना सिर्फ और सिर्फ मुसलमानों पर होता है। नागरिकता कानून में मोदी सरकार द्वारा थोपे गए संशोधन के बाद तो सच शीशे की तरह साफ हो जाता है। यह कोई संयोग ही नहीं है कि पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में, जहां एक समय में पहले के पूर्वी पाकिस्तान से बड़ी संख्या में हिंदू शरणार्थी आए थे, गृह मंत्री अमित शाह से लेकर, पूरा संघ–भाजपा कुनबा बढ़–चढ़कर इसके दावे करता आया है कि किस तरह, नागरिकता कानून संशोधन के अंतर्गत बड़ी संख्या में हिंदू शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता दी जाने वाली है। वास्तव में यह याद दिलाने की शायद ही जरूरत होगी कि नागरिकता कानून में विवादास्पद संशोधन कर, पड़ोसी मुस्लिम बहुल देशों, बांग्लादेश, पाकिस्तान तथा अफगानिस्तान से आए गैर–मुसलमानों के लिए, भारतीय नागरिकता हासिल करना आसान बनाने का ही काम किया गया है। बेशक, यह कानून न सिर्फ सरासर धार्मिक भेदभाव करने वाला है बल्कि भारत के धर्मनिरपेक्ष संविधान के खिलाफ जाकर, नागरिकता के साथ सांप्रदायिक शर्त भी जोड़ता है, इसके बावजूद इसे मोदी सरकार ने देश पर इसे ठीक इसीलिए थोपा है कि यह, मुसलमानों को निशाना बनाने के जरिए, उसके सांप्रदायिक एजेंडा की मदद करता है।

# कॅरियर के लिए अच्छा ऑप्शन हो सकता है कुकिंग और बेकरी का कोर्स



**जायकेदार खाना बनाने की कला के जरिए आप एक छोटे लोकल पब से लेकर फाइव स्टार या फिर इंटरनेशनल होटल में अपनी जगह बना सकते हैं**

जायकेदार खाना बनाने की कला के जरिए आप एक छोटे लोकल पब से लेकर फाइव स्टार या फिर इंटरनेशनल होटल में अपनी जगह बना सकते हैं.बस दिखाना है अपनी उंगलियों का कमाल, बनाना है ऐसा खाना की सामने वाला सिर्फ खाना ही नहीं बल्कि उंगलियां भी चाटता रह जाएं.अगर आपका इंट्रेंस्ट कुकिंग, बेकिंग और लजीज खाना बनाने में है, अगर आप डिफरेंट डिशेज के साथ एक्सपेरिमेंट करना पसंद करते हैं तो एक नया कॅरियर ऑप्शन आपके इंतजार में हैं.होटल मैनेजमेंट में इन दिनों कॅरियर बनाने के कई ऑप्शन मौजूद हैं और उनमें से एक है कुकिंग एंड बेकरी

**प्रकृति :** कुकिंग और बेकरी का कोर्स आपके लिए एक अच्छा ऑप्शन बन सकता है, यदि आप एक बेहतर शेफ बनाना चाहते हैं.खाने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी से लेकर किचन का रख-रखाव शेफ की निगरानी में होता है।हालांकि कई बार शेफ को फ्रंट में भी आना पड़ता है.ये एक मैनेजरियल एक्टिविटी का ही हिस्सा होता है, ताकि उसे पता चल सके कि लोगों को क्या पसंद है.और उसके अनुरूप वो लोगों के लिए वही डिश तैयार करे ताकि लोग बार-बार स्वाद लेने के लिए बरबस पहुंच जाए.

**कोर्स :** बीएससी इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन, डिप्लोमा इन कुकरी, क्राफ्टसमैनशिप कोर्स इन फूड एंड बेवरेज सर्विस मैनेजमेंट, सर्टिफिकेट कोर्स इन कुकरी, सर्टिफिकेट कोर्स इन कुकरी फॉर होम मेकिंग, डिप्लोमा इन बेकरी एंड कंफेक्शनरी जैसे कोर्स कर कुकिंग और बेकरी में करियर बना सकते हैं.

**अवसर :** कुकिंग और बेकरी होटल मैनेजमेंट का एक अहम पार्ट है.इसमें करियर के कई अवसर हैं.सबसे अहम है फूड एंव बेवरेज डिविजन सर्विस के अलावा बतौर शेफ बनकर करियर को रौशन कर सकते हैं.मुख्य तौर पर होटल, रेस्तरां, क्रूज, टूरिज्म एसोसिएन, एयरलाइन कैटरिंग और केबिन सर्विस, क्लब मैनेजमेंट, लॉज, गेस्ट-हाउस भी होटल मैनेजमेंट पासआउट प्रोफेशनल्स ही चलाते है.बेकर्स के लिए भी जॉब के ऑप्शन्स की कमी नहीं है.बेकरी, हॉट ब्रेड शॉप, डिपार्टमेंटल स्टोर्स, होटल और कैफे में भी बेकर्स की काफी डिमांड है.पूरी दुनिया में टुरिज्म और एविएशन ने होटल बिजनेस के लिए अवसरों को बहुत बड़ा बना दिया है।आने वाले समय में होटल इंडस्ट्री में जॉब की कमी नहीं होगी.इसके अलावा आप धीरे-धीरे खुद का होटल, बेकरी शॉप, रेंस्तरां य फिर कैटरिंग बिजनेस भी शुरु कर सकते हैं, ऐसा कहना है एलबीआईआईएचएम के डायरेक्टर कमल कुमार का.

**योग्यता :** कुकिंग और बेकरी में सर्टिफिकेट कोर्स, डिप्लोमा व डिग्री कर सकते हैं.इन पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विविद्यालय से 12वीं या स्नातक होना जरूरी है.12वीं में अंग्रेजी एक अनिवार्य विषय के रूप में होनी चाहिए.इस इंडस्ट्री में कामयाब होने के लिए कुछ व्यक्तिगत गुणों का होना भी जरूरी है जैसे मृदुभाषी होना।द्विभाषी (अंग्रेजी, हिन्दी) का ज्ञान हो तो और भी बेहतर.बेहतर पर्सनैलिटी, सुनने-समझने की अच्छी आदत, समस्याओं को सुलझाने की योग्यता, लीडरशिप और मैनेजरियल स्किल भी बेहद जरूरी है.



# जॉब के साथ-साथ पढ़ाई करने की सहूलियत देता है डिस्टेंस एजुकेशन

**डिस्टेंस एजुकेशन प्रोग्राम स्टूडेंट्स को ऑनलाइन पढ़ने की सुविधा तो देते हैं, लेकिन इसकी क्रेडिबिलिटी को लेकर कंफ्यूज रहने के कारण स्टूडेंट्स इसे चुनने का निर्णय नहीं ले पाते। स्टूडेंट्स की इसी समस्या को दूर करने के लिए हम कर रहे हैं इसके हर पहलू का विश्लेषण।**

डिस्टेंस एजुकेशन प्रोग्राम स्टूडेंट्स को जॉब के साथ-साथ पढ़ाई करने की सहूलियत देता है। लेकिन बावजूद इसके कई स्टूडेंट्स इसकी वैल्यू को लेकर कन्फ्यूज्ड रहते हैं।यह मोड ऑफ एजुकेशन स्टूडेंट्स के लिए कितना बेनिफीशियल हो सकता है, यह पूरी तरह से स्टूडेंट पर ही निर्भर करता है।अगर आप भी डिस्टेंस मोड से हायर एजुकेशन पाने को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं तो जानें डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम की पूरी अनालिसिस ताकि आपके लिए डिसीजन लेना आसान हो जाए।



## डिस्टेंस एजुकेशन के लाभ

### लचीलापन

फ्लेक्सिबल होने से वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए यह फायदेमंद है।ऐसे स्टूडेंट्स जिन्हें काम के कारण अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ी या जो दूसरे शहर जाकर नहीं पढ़ सकते हैं, वो इसका फायदा उठा सकते हैं।

### समय व ऊर्जा की बचत

अगर आप गांव या कस्बे में रहते हैं, जहां हायर एजुकेशन के लिए अच्छे कॉलेज नहीं हैं, तो डिस्टेंस मोड अच्छा ऑप्शन है।

### कोई दबाव नहीं

कॉन्सेप्ट समझने और याद करने की हर स्टूडेंट की अपनी एबिलिटी होती है।इसमें आप को प्रेशर या कांपीटिशन का दबाव महसूस नहीं होता है।

### आर्थिक रूप से किफायती

रेग्युलर कोर्सेस की अपेक्षा इसके कोर्सेस सस्ते होते हैं साथ ही कॉलेज जाने या दूसरे शहर में रहकर पढ़ने का खर्चा भी बचता है।

### सुविधाजनक

आप घर या ऑफिस कहीं से भी ऑनलाइन अपना असायनमेंट सब्मिट कर सकते हैं।

### समय की सुविधा

आपको जब समय मिले, तब आप ऑनलाइन लेक्चर्स अटैंड कर सकते हैं।वर्चुअल क्लासमेट्स से डिस्कस कर डाउट्स क्लियर कर सकते हैं।

### कहीं से भी शुरू करें

आपको स्टडी मटैरियल प्रोवाइड किया जाता है। आप चाहे जिस टॉपिक से अपनी स्टडी शुरू कर सकते हैं।






# बहुत मायने रखता है जो दिखता है वह बिकता है का कॉन्सेप्ट

'जो दिखता है वह बिकता है'' का कॉन्सेप्ट मॉल कल्चर के लिए बहुत मायने रखता है।दुकानों के सामने सिर्फ डिस्प्ले लगाने का दौर अब नहीं रहा।शो-रूम्स में हर चीज इतनी सलीके से रखी हुई मिलती हैं कि कस्टमर कोई वस्तु खरीदने जाता है, जो अन्य चीजें भी आकर्षित करने लगती हैं।सेल्समैन से कुछ भी पूछने की जरूरत नहीं पड़ती। दरअसल, यह सब विजुअल मर्चेंडाइजिंग का कमाल है, जो अपने आप पूरी एक साइंस है यानी स्टोर में प्रोडक्ट को कैसे डिस्प्ले करना है? वॉल पर क्या कल अच्छा लगेगा? कैसे टारगेट कस्टमर को दुकान या स्टोर के अंदर लाया जाए. इत्यादि।इसीलिए विजुअल मर्चेंडाइजर को 'साइलेंट सेलर'' भी कहा जाता है।रिटेल स्टोर और मल्टी स्टोर का चलन बढ़ने से इस प्रोफेशन की डिमांड बहुत बढ़ गई है।

## प्रोफेशनल थीम का जमाना

विजुअल मर्चेंडाइजिंग प्रेजेंटेशन का एक आर्ट है, जिससे किसी चीज की छवि बनाई जाती है।दरअसल, यह मार्केटिंग का ही दूसरा रूप है।एक विजुअल मर्चेंडाइजर का मुख्य ध्येय कस्टमर को प्रोडक्ट के प्रेजेंटेशन के जरिए लुभाना और उन्हें खरीददारी के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि सेल्स में बढ़ोत्तरी हो।ऐसा करने के लिए स्टोर में चीजों को क्रिएटिव ढंग से लगाना, विंडो डिस्प्ले, विजुअल डिस्प्ले, कलर ब्लॉकिंग, काउंटर तथा इन-काउंटर डिस्प्ले जैसे तमाम तरीके इस्तेमाल किए जाते हैं।मॉल का स्टोर के लिए पिक्चर, ब्रोशर और पोस्टर भी यही लोग तैयार करते हैं ताकि कस्टमल से बिना कुछ बोले कम्युनिकेट किया जा सके।ऐसे प्रोफेशनल थीम के अनुसार अपनी स्ट्रेटेजी बदलते रहते हैं।मसलन, किस मौसम में क्या विंडो थीम रखना है? होली, दीपावली जैसे त्योहारों पर या वैलेंटाइन जैसे मौकों पर स्टोर की विंडो थीम क्या होनी चाहिए?

## जॉब के अवसर

देश में रिटेल सेक्टर तेजी से विकास कर रहा है।ऑनलाइन शॉपिंग कल्चर भी बढ़ रहा है।वॉलमार्ट, आइटीसी, शॉपर्स स्टॉप, पैंटालून, तनिष्क और टाइटन जैसे ग्रुप छोटे से लेकर बड़े शहरों में दिनोंदिन मल्टीस्टोर खोल रहे हैं।इसलिए विजुअल मर्चेंडाइजर्स के लिए यहां जॉब की संभावनाएं भी बहुत हैं।मॉल्स, फैशन बूटीक्स, फाइव स्टार होटल्स और रेस्टोरेंट में भी ऐसे प्रोफेशनल्स की भारी डिमांड है। विजुअल मर्चेंडाइजिंग के जानकारों के लिए एम्पोरिया, डिजाइन कंपनी, आर्किटेक्चर फर्म तथा थीम पार्टी ऑर्गेनाइजिंग कंपनीज में भी जॉब के तमाम अवसर हैं।युवा चाहें, तो पार्टटाइम के रूप में फ्रीलांसिग भी कर सकते हैं।

## करियर स्कोप

विजुअल मर्चेंडाइजर के लिए करियर स्कोप सिर्फ रिटेल सेक्टर में ही नहीं है।ऐसे प्रोफेशनल्स की वैल्यू ई-कॉमर्स कंपनियों में भी बहुत है, जहां ये स्नैपडील, अमेजन जैसी कंपनियों की वेबसाइट का लुक तैयार करते हैं।प्रोडक्ट डिस्प्ले पर काम करते हैं।इसी तरह रेस्टोरेंट और कैफे में आजकल सीजनल थीम तय करने का काम यही प्रोफेशनल्स कर रहे हैं।इनके हिसाब से ही खाने-पीने की चीजें कस्टमर को परोसे जाते हैं।स्टोर्स में भी प्रोडक्ट डिस्प्ले के लिए इनकी सेवाएं ली जा रही हैं।अच्छी डिजाइनिंग और फैशन सेंस रखने की वजह से टेक्सटाइल इंडस्ट्री में भी इनके लिए स्कोप लगातार बढ़ रहे हैं।

## जॉब ग्रोथ

इस फील्ड में ग्रोथ बहुत है।अपने काम के आधार पर आप असिस्टेंट लेवल से लेकर क्लस्टर मैनेजर और ब्रांच मैनेजर तक बन सकते हैं।कई बड़ी कंपनियों की डिप्स्ले टीम में ऐसे प्रोफेशनल शॉप फ्लोर मैनेजर, स्टोर विजुअल मर्चेंडाइजिंग को ऑर्डिनेटर, फ्रीलांस विजुएल डिस्प्ले पर्सन, रिटेल विजुअल मर्चेंडाइजर और असिस्टेंट के तौर पर अपनी सेवाएं देते हैं।



## क्वॉलिफिकेशन

विजुअल मर्चेंडाइजिंग फील्ड में प्रवेश के लिए रिटेल या फैशन मर्चेडाइजिंग का बैकग्राउंड होना जरूरी है।ग्रॉफिक डिजाइनिंग के जानकार भी यहां करियर बना सकते हैं। वर्तमान में कई इंस्टीट्यूट विजुअल मर्चेंडाइजिंग या फैशन कम्युनिकेशन में डिग्री, डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स ऑफर कर रहे हैं।डिप्लोमा कोर्स युवा ग्रेजुएशन के बाद कर सकते हैं।वहीं, डिग्री प्रोग्राम के लिए किसी भी स्ट्रीम से टेन प्लस टू उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।विजुअल मर्चेंडाइजिंग कोर्स के अंतर्गत स्टूडेंट को रिटेल स्टोर के लेआउट, डिजाइन स्टोर डिस्प्ले, प्रोडक्ट प्रेजेंटेशन, इंटीरियर डेकोरेशन आदि की जानकारी दी जाती है।

## सैलरी पैकेज

रिटेलिंग फील्ड में विजुअल मर्चेंडाइजर को काफी आकर्षक सैलरी मिलती है।करियर के शुरुआती दिनों में ऐसे प्रोफेशनल्स को 35 लाख रुपए तक सैलरी पैकेज आसानी से मिल जाता है।योग्यता और अनुभव के बल पर दो से तीन वर्षों बाद आपका सेलरी पैकेज 4 से 5 लाख रुपए तक पहुंच जाता है।बड़ी कंपनियों में यह पैकेज और भी अधिक हो सकता है।फ्रीलांसर के रूप में भी इस फील्ड में अच्छी कमाई है।

## प्रेजेंटेशन पर बढ़ता जोर

देश की जीड़ीपी बढ़ रही है।खाने-पीने की सुविधा अब बहुत हो गई है।लोगों की स्पेंडिंग कैपिसिटी भी बढ़ गई है। वीकेंड पर घूमने-फिरने का चलन बढ़ रहा है।स्टैंडर्ड लाइफस्टाइल मैंटेन किया जा रहा है।यही वजह है कि देश और विदेश के बड़े ग्रुप के रिटेल स्टोर तेजी से खुल रहे हैं। और उनका विस्तार भी हो रहा है।इनमें प्रतिस्पर्धा भी बढ़ रही है।इसलिए बेहतरीन प्रेजेंटेशन के जरिए प्रोडक्ट बेचने पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है।विजुअल मर्चेंडाइजर के लिए स्कोप रेस्टोरेंट और ब्रांडेड नाम वाले खाने-पीने के स्टोर्स में भी बढ़ रहा है।इसलिए युवाओं के लिए यहां बहुत अच्छा क रियर है।



## मुझे लगा मैं मरने वाली हूं..., कैंसर से जूझ चुकीं एक्ट्रेस

# मनीषा कोइराला का छलका दर्द



कैंसर किसी भी तरह का हो, दर्दनाक होता है और कई बार जानलेवा होता है. बॉलीवुड में भी कई कलाकार कैंसर से जूझ चुके हैं या अब भी इस जानलेवा बीमारी से पीड़ित हैं. ऐसी ही एक एक्ट्रेस हैं जो ओवेरियन कैंसर का शिकार हो चुकी हैं. हालांकि सही समय पर इलाज कराकर वे इस गंभीर बीमारी से आजाद हो गई हैं. लेकिन जब वे इससे जूझ रही थीं तो उन्हें काफी दर्द से गुजरना पड़ा.ये एक्ट्रेस मनीषा कोइराला हैं, जिन्होंने इसी साल रिलीज हुई वेब सीरीज हीरामंडी से शानदार कमबैक किया है. हाल ही में मनीषा ने अपने कैंसर फेज के बारे में बात की. एक्ट्रेस को साल 2012 में अपने ओवेरियन कैंसर के बारे में पता चला था. एएनआई से बात करते हुए उन्होंने इसे अपनी जिंदगी का सबसे डार्क फेज बताया.

**ओवेरियन कैंसर के आखिरी स्टेज पर थीं एक्ट्रेस**

मनीषा कोइराला ने कहा- मुझे याद है कि मैं अंधेरे, निराशा और दर्द महसूस करते हुए टूट जाती थी. 2012 में, मुझे पता चला और मुझे कोई अंदाजा नहीं था कि ये ओवेरियन कैंसर का आखिरी स्टेज है और जब मुझे नेपाल में पता चला तो मैं बहुत डरी हुई थी. जाहिर है, हर किसी की तरह. हम जसलोक अस्पताल में थे. वहां भी जब डॉक्टर आए - दो, तीन डॉक्टर, टॉप डॉक्टर, और मैंने उनसे बात की, मुझे लगा कि मैं मरने वाली हूं और मुझे लगा कि ये मेरा खात्मा है.

**11 घंटे की सर्जरी से गुजरी मनीषा**

मनीषा कोइराला ने आगे बताया कि वे 5-6 महीने तक न्यूयॉर्क में रहकर अपना इलाज कराती रहीं. उन्होंने अपने 11 घंटे तक ऑपरेशन कराया था. उन्होंने कहा कि इस दौरान डॉक्टर्स का बर्ताव उनके साथ बहुत अच्छा था और कीमोथेरेपी पर उनका रिस्पॉन्स भी ही रहा. मनीषा ने कहा कि उनकी मां महामृत्युंजय प्रार्थना करने के बाद नेपाल से एक रुद्राक्ष माला लेकर आई थीं और उसे सर्जरी के दौरान रखने के लिए डॉक्टर को दिया था. सर्जरी के बाद डॉक्टर ने कहा था कि माला ने अच्छा काम किया है.

## छिपकर करनी पड़ती थी पूजा, टिका लगने पर उड़ता था मजाक...एकता कपूर ने ऐसा क्यों



एकता कपूर की फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' का ट्रेलर लॉन्च हो चुका है. इस फिल्म में विक्रांत मैसी के साथ रिद्धि डोगरा और राशि खन्ना अहम भूमिका में नजर आने वाले हैं. मेकर्स का दावा है कि ये फिल्म साबरमती में हुई उस घटना के बारे में बात करेगी, जिसके बारे में अब तक किसी ने भी बात करने की हिम्मत नहीं की है. विक्रांत मैसी की ये फिल्म 15 नवंबर 2024 को थिएटर में रिलीज होने वाली है. हाल ही में मुंबई में हुई 'द साबरमती रिपोर्ट' की प्रेस कान्फ्रेंस में एकता कपूर ने बताया कि किस तरह टिका लगाने पर उनका मजाक उड़ाया जाता था.एकता कपूर ने बताया कि मैं पहले टिका लगाती थी. तब मेरे उस टिके पर और मुझपर कई सारे जोक्स बने. मैं हिंदू हूं और मैं अगर मैं मेरे हिंदू होने की निशानी अपने साथ लेकर चलती थी तो उससे भी लोगों को प्रॉब्लम होती थी. मेरी चूड़ियां, मेरी अंगूठियां सब का मजाक उड़ाया जाता था. एक वक्त था जब हम पूजा भी करते थे तो छिपकर करते थे.आगे उन्होंने कहा कि लोगों के प्रेशर में आकर हम भी ऐसे दिखाने लगे थे कि हम इन सब में विश्वास नहीं रखते, लेकिन कुछ लोगों को भरोसा होता है, इसलिए कर लेते हैं. लेकिन फिर मुझे लगा कि मैं लोगों की बातों से इतनी परेशान क्यों हो रही हूं. अब तो मुझे इस ट्रोलिंग की आदत हो चुकी है और फिर मैंने दूसरे क्या कहेंगे ? ये सोचना बंद कर दिया.

**अहम मैसेज देती है एकता कपूर की फिल्म**

आगे अपनी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' के बारे में बात करते हुए एकता ने कहा,इस फिल्म में भी हमने ये बताने की कोशिश की है कि जो भी देसी हो, चाहे वो आपकी भाषा हो, चाहे वो आपका पहनने का अंदाज और रहने का तरीका हो, उससे शर्माना क्यों ? लेकिन ये अक्सर होता है. जब आप पैंट-शर्ट पहनते हैं, अच्छी अंग्रेजी बोलते हैं, तब आपको लोग रिस्पेक्ट देते हैं. इंग्लिश जर्नलिस्ट को पहले इंटरव्यू दिए जाते हैं और फिर हिंदी वालों को मौका दिया जाता है. ये हम सब कर चुके हैं और हमने सबने ये देखा भी है. इस फिल्म में हमने इस तरह के कई अहम मुद्दे पर भी बात की है.

## शाहरुख खान ने 'अंजाम' फिल्म में हिरण पर क्या कहा था? जिससे नाराज था फैजान



शाहरुख खान को धमकी देने के मामले में पुलिस ने रायपुर के फैजान खान नाम के शख्स को गिरफ्तार किया था. पूछताछ में उसने बताया कि उसने धमकी नहीं दी है बल्कि उसके जिस फोन से जान से मारने धमकी और 50 लाख रुपये की फिरौती का कॉल आया, उसका वो फोन चोरी हो गया था. पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे नोटिस देकर छोड़ दिया.शाहरुख को धमकी देने की बात से फैजान ने किनारा कर लिया. हालांकि, उसने शाहरुख से नाराज होने की बात का भी जिक्र किया. मीडिया से बातचीत में उसने कहा कि उसने धमकी नहीं दी है, लेकिन वो शाहरुख की फिल्म 'अंजाम' में हिरण को लेकर बोले गए उनके एक डायलॉग की वजह से उनसे नाराज था. चलिए जानते हैं कि इस फिल्म में शाहरुख खान ने हिरण पर क्या कहा था.

**अंजाम फिल्म में क्या था ऐसा ?**

अंजाम साल 1994 में आई थी. इस फिल्म में एक सीन है, जिसमें शाहरुख शिकार करके घर लौटते हैं और कहते हैं, हरि सिंह, बाहर गाड़ी में हिरण पड़ा है, तुमलोग पकाकर खा लेना. इस डायलॉग के बाद फिल्म में शाहरुख की मां के किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस उनसे पूछती हैं, विजय, क्यों मारते हो तुम बेकसूर जानवरों को. इस पर वो कहते हैं, अच्छा लगता है मुझे, बहुत अच्छा लगता है.

फैजान ने कहा कि वो 'अंजाम' फिल्म के उसी सीन को लेकर शाहरुख से नाराज था, जिसमें वो हिरण को पकाकर खाने की बात करते हैं. उसने ये भी बताया कि उसने मुंबई पुलिस कमिश्नर के पास इस फिल्म को बैन करने को लेकर शाहरुख के खिलाफ शिकायत भी की थी. उसने कहा कि वो नाराज था, लेकिन धमकी उसने नहीं दी है. इस सीन का एक वीडियो लंबे समय से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

**कब मिली शाहरुख खान को धमकी ?**

बहरहाल, पुलिस इस मामले की जांच कर रही है. देखना होगा कि आगे इस मामले में क्या कुछ निकलकर सामने आता है. शाहरुख के लिए ये धमकी भरा फोन कॉल 5 नवंबर को बांद्रा पुलिस स्टेशन में आया था. उसके बाद से ही पुलिस सतर्क है.

# कर्मयोगी आबासाहेब' ने तीसरे सप्ताह भी बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों को कर रही है अपनी और आकर्षित मची धूम

## स्वर्गीय विधायक गणपतराव देशमुख के किरदार में अनिकेत विश्वासराय ने लोगों के दिलों पर छोड़ी अमिट छाप स्वर्गीय गणपतराव देशमुख आभा साहेब के जीवन संघर्ष को फिल्म में बखूबी उकेरा गया- अलताफ शेख






**ब्यूरो रिपोर्ट मुंबई**

मुंबई / महाराष्ट्र के सांगोला से 11 बार विधायक रहने वाले दिवंगत विधायक स्वर्गीय गणपतराव देशमुख आभासाहेब के जीवन चरित्र को फिल्मी पर्दे पर उतारने वाले लेखक,निर्देशक विश्व रिकॉर्ड निर्माता अल्ताफ दादासाहेब शेख की फिल्म ÷कर्मयोगी अबासाहेब÷ अपने तीसरे सप्ताह में भी बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। सिंघम अगेन, भुलभुलैया 3 जैसी फिल्मों को टक्कर देते हुए इसने पूरे भारत में 13 दिनों में ?14 करोड़ 53 लाख का कलेक्शन किया। अल्ताफ दादासाहेब शेख द्वारा निर्देशित और लिखित, मराठी फिल्म ÷कर्मयोगी अबासाहेब÷ आबासाहेब की विरासत का सम्मान, मजबूत संवाद और दिल को छू लेने वाली कहानी का मिश्रण है। फिल्म को एम्स्टर्डम लिफ्ट-ऑफ और क्राउनवुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्री-स्क्रीन किया गया था। इस फिल्म को अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार ÷गिनीज बुक और हाई रेंज ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स÷ प्राप्त हुआ है। फिल्म का निर्माण मायाका माउली फिल्म प्रोडक्शन और मुंबई क्रिएशन एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है, जिसका निर्माण बालासाहेब महादेव एरांडे और मारुति तुलसीराम बनकर ने किया है। इस अवसर पर प्रेस को जानकारी देते हुए फिल्म के निर्देशक जब अल्ताफ शेख ने बताया कि कि अनिकेत विश्वासराव ने दिवंगत भाई गणपतराव देशमुख की भूमिका निभाई है और हिंदी और मराठी में 28 कलाकारोंने अपनी भूमिकाएँ कुशलता से निभाई हैं। प्रसिद्ध गायक, संगीतकार अवधूत गुप्ते ने संगीत दिया है कुणाल गांजावाला और अवधूत गुप्त की आवाज और रिलायंस एंटरटेनमेंट ने इसे दुनिया भर में रिलीज किया है। फिल्म के लेखक और निर्देशक अल्ताफ दादासाहेब शेख ने साल 2018 में फिल्म वेडा बीएफ रिलीज की थी। फिल्म को कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी मिले. उस फिल्म ने विश्व रिकॉर्ड भी बनाया था. वेदा बीएफ, बेटुका, कम ऑन विष्णु, ब्रेक डाउन धारावी कट्टा, अल्ताफ दादासाहेब शेख द्वारा लिखित और निर्देशित हैं। यहां बता दें कि अनिकेत विश्वास राय जिन्हें महेश मांजरेकर की फिल्म फक्त लाध म्याना मैं एलेक्स की भूमिका के लिए जाना जाता है उन्होंने स्वर्गीय विधायक कर्मयोगी आबासाहेब की भूमिका निभाते हुए किरदार में एकदम जान फूंक दी ! आभा साहब साधारण परिवार के कट्टर भक्तों के पारंपरिक परिवार से आने वाले और सांगोला में 11 बार विधायक चुने गए गणपत्र देशमुख ने लगभग 55 वर्षों तक अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया उन्ही फिल्म उन्हीं के जीवन चरित्र पर आधारित और उनके द्वारा किए गए संघर्षों को लेखक निर्देशक जनाब अल्ताफ दादा साहेब शेख ने अपनी फिल्म के माध्यम से बखूबी दर्शाया है जिसमें किरदारों ने भी जीत और मेहनत की है जिसका प्रतिफल है कि फिल्म ने रिलीज के तीसरे सप्ताह में 14 करोड़ 53 लाख रुपए का कलेक्शन अभी तक कर लिया है अभी भी दर्शकों की भीड़ फिल्म के लिए लालायत है फिल्म में हार्दिक जोशी, देविका द?तरदार, पृथ्वी प्रताप,विजय पाटकर प्रदीप बेलकर,सुरेश विश्वकर्मा अरबाज शेख, तानाजी गलगुंडे, और घनश्याम दरोड़े भी प्रमुख भूमिकाओ में हैं

# कम उपजाऊ और परती जमीनों से किसानों को होगी लाखों की आय रीवा में तीन ग्रीन एनर्जी प्लांट लगाने के लिए सरलता से मिलेगी पराली

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा, सतना और मऊगंज जिलों में बाणसागर बाध की नहरों से सिंचाई के बाद धान और गेंहू का विपुल उत्पादन हो रहा है। ग्रीन एनर्जी प्लांट में धान के पैरे (पराली) से बिजली और जैविक खाद बनायी जायेगी। रीवा जिले में तीन ग्रीन एनर्जी प्लांट लगाने के लिए पराली पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। गुढ़ में प्रस्तावित ग्रीन एनर्जी प्लांट का कार्य तत्काल शुरू करें। इस प्लांट के लिए कच्चा माल पराली और कम उपजाऊ क्षेत्र में नेवियर घास उगाकर आसानी से उपलब्ध हो जायेगा। ग्रीन एनर्जी प्लांट स्थापित होने से किसानों की कम उपजाऊ और परती जमीनों से भी लाखों की आय होगी। कंपनी सर्वे का कार्य शीघ्र पूरा करके वास्तविक निर्माण कार्य शुरू करायें। इस प्लांट की स्थापना से जिले में नरवाई जलाने और पराली के समस्या का भी समाधान होगा। किसान के लिए अब धान के साथ-साथ उसका पैरा भी आमदनी देगा। मऊगंज जिले में प्लांट के लिए एक हजार हेक्टेयर की जमीन उपलब्ध है। जमीन प्राप्त करने तथा प्लांट के लिए 7 दिन में आवेदन करें। गुढ़ में दो और सिरमौर में एक प्लांट लगाने की कार्य योजना को मूर्त रूप दें।

बैठक में कलेक्टर मऊगंज ने बताया कि ग्रीन एनर्जी प्लांट के लिए बदवार सीतापुर रोड में एक हजार हेक्टेयर जमीन उपलब्ध है। इसमें से 95 प्रतिशत जमीन निजी भूमि है। किसान अच्छी आय प्राप्त होने पर सरलता से दे देगें। किसानों से अनुबंध के आधार पर जमीनें मिल जायेगी। बैठक में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि तीन प्लांट लगाने के लिए पर्याप्त पराली उपलब्ध है। गेंहू के फसल अवशेष तथा वनों से प्राप्त अनुपयोगी पौधों का भी ग्रीन एनर्जी प्लांट में उपयोग किया जा सकता है। गु? प्लांट को सीधी जिले के धान उत्पादक चुरहट और रामपुर नैकिन क्षेत्र के रीवा से जु? हुए गांव से भी पराली मिल जायेगी। कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा ने बताया कि नगौद में ग्रीन एनर्जी प्लांट का कार्य जारी है। बैठक में रिलायंस ग्रीन एनर्जी



प्रोजेक्ट के प्रतिनिधि अशोक खरे तथा विजित झा ने बताया कि हमारी कंपनी रीवा और सतना जिले में दस ग्रीन एनर्जी प्लांट स्थापित करना चाहती है इसके लिए सर्वे किया जा रहा है। इस प्लांट में कच्चे माल के रूप में गेंहू और धान के फसल अवशेष पराली का उपयोग किया जायेगा। एक प्लांट के लिए 22 हजार मैट्रिक टन पराली की आवश्यकता होगी। पराली के साथ परती तथा अनुपयोगी जमीन पर आसानी से उगने वाली नेपियर घास का भी कच्चे माल के रूप में उपयोग किया जायेगा। ग्रीन एनर्जी प्लांट से कम्प्रेस, बायोगैस, हाइड्रोजन तथा मैथेलान का उत्पादन होगा। साथ ही इससे जैविक खाद का भी ब? पैमाने पर उत्पादन होगा। किसानों की पराली को कम्प्रेस करके कच्चा माल के रूप में बनाने के लिए ब?ी संख्या में प्रशिक्षित युवाओं की आवश्यकता होगी। इससे रोजगार का सृजन होगा। किसानों की परती और कम उपजाऊ जमीन भी अच्छा लाभ देगी। किसानों से अनुबंध के आधार पर नेपियर घास की खेती करायी जायेगी। ग्रीन एनर्जी प्लांट ऊर्जा उत्पादन के साथ किसानों की तकदीर भी बदल देगा। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले, उप संचालक पशुपालन डॉ. राजेश मिश्रा, क्षेत्रीय प्रबंधक औद्योगिक विकास निगम यूके तिवारी, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत संजय सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## हिनौती गोधाम में गौवंश रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ तत्काल करने के निर्देश



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हिनौती गोधाम में हजारों गौवंश को आश्रय मिलेगा। इसे आधुनिक गौशाला और गोसंवर्धन केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा। गौशाला में जारी बाउंड्रीबाल का निर्माण शीघ्र पूरा करायें साथ ही स्वीकृत प्लान के अनुसार गौवंश के रहने के लिए शेड तथा भूसा भण्डारण के लिए शेड का निर्माण भी तत्काल शुरू करायें। हिनौती गोधाम को माडल गौशाला के रूप में विकसित करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गौशालाओं संचालन तथा गौसेवा के लिए दान दी गयी राशि को आयकर की छूट में शामिल करें जिससे इस पुनीत कार्य में बड़चड़कर सहयोग मिल सके। उप मुख्यमंत्री ने कलेक्टर सतना को बगदरा गौ-अभयारण्य का निर्माण शीघ्र शुरू करने का निर्देश देते हुए कहा कि चित्रकूट के समीप बगदरा घाटी हजारों गौवंश के प्राकृतिक रहवास का अनूठा स्थल है।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि बाउंड्रीबाल का निर्माण ग्रामीण यंत्रिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है। शेड का निर्माण भी दो दिन में शुरू हो जायेगा। गुढ़ में भैरव बाबा मंदिर के समीप स्वीकृत गौशाला में 50 एकड़ में 18 लाख रूपये की लागत से फेंसिंग का कार्य शुरू हो गया है। यहां भी शेड निर्माण के लिए राशि मंजूर कर दी गयी है। बैठक में श्री राजेश पाण्डेय ने गौशाला संचालन समिति में जनप्रतिनिधियों को शामिल करने का सुझाव दिया। बैठक में जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी ने गौशाला संचालन के संबंध में सुझाव दिया। बैठक में विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, कमिश्नर बी.एस. जामोद, कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, उप संचालक पशु पालन डॉ. राजेश मिश्रा, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत संजय सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा ने मनाया आवंला नवमीं




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा ने चोरहटा स्थित सिद्धि विनायक मंदिर में आँवले के वृक्ष की पूजा अर्चना करके आँवला नवमी मनाया।इस अवसर पर अग्रवाल महिला महासभा की महिलाओं ने हिन्दू पारंपरिक वेशभूषा में आँवले की पूजा की और फेरी लगाई।महिलाओं ने विभिन्न प्रान्तों की खास पूरी, कचौी,कालाजामुन,पुलाव,छोले, दही बे,मिक्स व`ज, खीर, मटर पनीर,अचार,पाप,सलाद,पान,ल,सिंघाा आदि का भोग लगाया गया।और आँवला नवमी की व्रत कथा सुनी उसके महत्व को समझा।उपरांत महिलाओं ने कीर्तन,भजन करके शुभ दिन में बांकेबिहारी,गणपति,राधारानी के गीत गाकर उत्सव मनाया।इस शुभ अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा की प्रदेश अध्यक्ष ने आँवला नवमी की उपयोगिता बताते हुए कहा कि अक्षय नवमी को लेकर ऐसी मान्यता है कि अक्षय नवमी के दिन किए जाने वाले पुण्य कार्य का अक्षय फल सभी को प्राप्त होता है और आपको मां लक्ष्मी की कृपा भी प्राप्त होती है। इस दिन आंवले के पेड़ की पूजा करने से आपको सुख संपत्ति और आरोग्य की प्राप्ति होती है। इस दिन किया जाने वाला जप तप और दान आपको सभी पापों से मुक्त करवाता है। अक्षय नवमी के दिन आंवले के पेड़ में भगवान विष्णु के साथ ही शिवजी का भी वास होता है। इसलिए इस दिन आंवले का दान और सेवन जरूर करना चाहिए। इस दिन परिवार समेत आंवले के वृक्ष के नीचे बैठकर भोजन करने से आपके घर में खुशहाली आती है।धार्मिक मान्यताओं में बताया गया है आंवले के वृक्ष में भगवान विष्णु का वास होता है। इस दिन आंवले के पेड़ की छांव में बैठना और उसके नीचे खाना बनाना भी बहुत शुभ माना जाता है। इस भोजन का भोग सबसे पहले भगवान विष्णु को लगाएं और फिर पूरे परिवार को खिलाने से आपको श्रीहरि का आशीर्वाद प्राप्त होता है।अक्षय नवमी को आंवला नवमी के नाम से भी जाना जाता है और इस शुभ दिन पर भगवान कृष्ण ने अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए वृंदावन से मथुरा की यात्रा की थी और यही वह दिन था जब सत्य युग की शुरुआत हुई थी। तभी से इस महापर्व की शुरुआत हुई। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से अक्षय फलों की प्राप्ति होती है।इस शुभ अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मीना बंसल एवं जिलाध्यक्ष गीता अग्रवाल,लता संथालिया, उमा बंसल,सुनीता चमयिा,राखी अग्रवाल, चंचल बंसल,मेघा अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल,संध्या अग्रवाल, अनीता अग्रवाल,शिल्पी अग्रवाल,उषा अग्रवाल,सारिका अग्रवाल,अंजू अग्रवाल,रक्षा अग्रवाल,नीतू अग्रवाल,शिप्रा अग्रवाल,शैलजा अग्रवाल,रानू अग्रवाल,अंजू अग्रवाल,स्वाति अग्रवाल,सीता देवी अग्रवाल,शुभांशी अग्रवाल,रोशनी अग्रवाल,तिथि अग्रवाल,एकता अग्रवाल,संस्कृति अग्रवाल,इशिताअग्रवाल,अनिका अग्रवाल,निशिका अग्रवाल,लक्ष्मी अग्रवाल आदि महिलाओं ने सपरिवार कार्यक्रम आयोजित किया।उक्ताशय की जानकारी अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा रीवा जिलाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने दी।

## 60 साल बाद बच्चे ऑनलाइन पैदा होंगे, BJP सांसद ने कहा- रिश्ते खत्म हो रहे, लोग मोबाइल में बात कर आहें भरते हैं

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। बीजेपी सांसद जनार्दन मिश्रा का भाषण एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज के हीरक जयंती समारोह में एआई के प्रभाव पर बोलते हुए सांसद ने कहा कि, आज से 50-60 साल बाद बच्चे भी ऑनलाइन पैदा होंगे। तकनीक के विकास से रिश्तों में बदलाव आ रहा है और इस बदलाव के साथ मानवता के गुण बनाए रखने की जरूरत है। सांसद ने कहा कि आजकल ऑनलाइन शादियां हो रही हैं, लोगों में आपसी प्यार खत्म हो गया है, लोग मोबाइल में बाते करते हुए आहें भरते हैं। बच्चे भी ऑनलाइन ही पैदा होंगे। मिश्रा ने आगे कहा कि, एआई का जमाना आ गया है, क्या पता कॉलेजों के प्राचार्य भी एआई, रोबोट ही हों।

**मानवीय गुण बरकरार रखने की बात कही**-समारोह में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि आज का दिन रीवा के लिए बहुत गौरव का दिन है। विज्ञान के तेजी से विकास के साथ मानव और मानवीय गुणों पर प्रश्नचिन्ह लगने लगे हैं। हम आधुनिक सूचना तकनीक का इतना अधिक उपयोग करने लगे हैं कि आपसी संबंधों में भी तनाव उत्पन्न हो गया है। सूचना तकनीक का ऐसा विकास हो तमाम सुविधाओं के साथ ही मानव के संस्कार और मानवीय गुण बरकरार रहें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला समेत कई बीजेपी नेता मौजूद थे। राज्यपाल ने कहा कि इंजीनियरिंग दुनिया को बेहतर बनाने की कला है। शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अधोसंरचना





विकास में इंजीनियरों का बहुत बड़ा योगदान है। मानव को शिक्षा ही समर्थ और संस्कारवान बनाती है।

**पथरीली उजाड़ पहाड़ी में सौर ऊर्जा संयंत्र**-समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि इंजीनियरिंग हर तरह के विकास का मूल है। रीवा में विकास के कई बड़े कार्य हुए हैं। इन सबमें इंजीनियरों का सर्वाधिक योगदान रहा है। यह इंजीनियरिंग का ही चमत्कार है कि गुड़ की पथरीली उजाड़ पहाड़ी में 750 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र सफलता की गाथा कह रहा है।इंजीनियरिंग कालेज के पूर्व छात्र मिलकर कालेज के विकास का रोडमैप बनाएंगे और इसे देश के सर्वश्रेष्ठ तकनीकी संस्थान के रूप में विकसित करेंगे।

**परंपरा को समाहित करके बनाई नई शिक्षा नीति**-समारोह में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि हमारे देश में प्राचीन काल से ही ज्ञान, विज्ञान, आध्यात्म और दर्शन की परंपरा रही है। इसी ज्ञान परंपरा को समाहित करके नई शिक्षा नीति बनाई गई है। हमारे देश में आज भी हजारों साल पुराने स्मारक स्थापत्य और विज्ञान की सफलता की कहानी कहते हुए विद्यमान हैं। भारत के एक इंजीनियर ने 13वीं शताब्दी में चीन में बीजिंग शहर और दुनिया के सबसे बड़े मंदिर कंबोडिया के अंगकोरवाट मंदिर की डिजाइन बनाई थी। सूर्य ऊर्जा का सबसे बड़ा और अक्षय स्रोत है। इसीलिए हमारे देश में सूर्य की पूजा की जाती है। मंत्री परमार ने कहा कि रीवा इंजीनियरिंग कालेज के विकास के संबंध में जो प्रस्ताव मिले हैं उन पर दिसम्बर माह में आयोजित बैठक में निर्णय लिए जाएंगे।

### एएस पिल्लई को सम्मानित किया गया

समारोह में ब्रम्होस मिसाइल निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पद्मभूषण तथा पद्म विभूषण इंजीनियर एएस पिल्लई को भी सम्मानित किया गया। समारोह में एलुमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा एनटीपीसी के पूर्व चेयरमैन श्री आरएस शर्मा ने स्वागत उद्बोधन दिया। कालेज के प्राचार्य बीके अग्रवाल ने 60 वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी। समारोह में राज्यपाल ने कालेज की स्मारिका के प्रथम पृष्ठ का डिजिटल विमोचन किया। समारोह में राज्यपाल तथा अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## अमहिया पुलिस ने जिला बदर का उल्लंघन करने वाले आरोपी को किया गिरफ़्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



रीवा। पुलिस अधीक्षक रीवा श्री विवेक सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा श्री अनिल सोनकर के निर्देशन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक-1 रीवा श्रीमती डा. रितु उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमहिया उनि शिवा अग्रवाल ने थाना स्टाफ के साथ मिलकर जिला बदर के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल ।घटना का विवरणः । दिनांक 10/11/24 को थाना अमहिया के आदतन अपराधी प्रिंस उर्फ लकी साकेत पिता बबलू उर्फ जयलाल साकेत उम्र 22 वर्ष निवासी विकास कालोनी थाना अमहिया जिला रीवा को माननीय जिला दण्डाधिकारी महोदय जिला रीवा के जिला बदर आदेश प्र0क्र0/01/ जिला बदर/2024 दिनांक 01.04.2024 में जिला रीवा एवं उससे लगी सीमाओं से एक वर्ष कि अवधि हेतु निस्कासित किया गया था। जिसकी काफी दिनों से तलास की जा रही थी जिसे दिनांक 10.11.2024 को गिरफ्तार किया गया उक्त आरोपी के व्दारा माननीय जिला दण्डाधिकारी महोदय जिला रीवा के आदेश का उल्लघन करना पाया गया। जिस पर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 511/2024 धारा 14 म.प्र. राज्य सुरक्षा अधि 1990 का कायम किया गया है गिरफ्तारसुदा आरोपी को जेआर पर माननीय न्यायालय पेश किया गया तो माननीय न्यायालय व्दारा न्यायिक अभिरक्षा में केन्द्रीय जेल रीवा भेजा गया है।

पकड़े गये आरोपी का नाम- 1. प्रिंस उर्फ लकी साकेत पिता बबलू उर्फ जयलाल साकेत उम्र 22 वर्ष निवासी विकास कालोनी थाना अमहिया जिला रीवा*

**महत्वपूर्ण भूमिकाः**-उनि शिवा अग्रवाल, सउनि धनेश पांडे,प्र. आर अरुण चौबे, आर 577 पीयूष मिश्रा, आर.204 विकास तिवारी आर 1031 रामलाल वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।



## दो पक्षों में मारपीट और झगड़े का वीडियो वायरल,एक पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

एटा जिले के जैथरा थाना कस्बे का दो पक्षों के बीच मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।वीडियो शुक्रवार की देर रात का बताया जा रहा है जहां दो पक्षों के मध्य आपसी कहासुनी में झगड़ा हो गया।मारपीट की घटना का वीडियो सामने आया है ।मारपीट का वायरल वीडियो जैथरा कस्बे के मोहल्ला पालीवाल का बताया जा रहा है।वहीं मामले पर पुलिस ने एक पक्ष की ओर से एफ आई आर दर्ज कर ली है।वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि किस तरह दो पक्ष आपस में झगड़ रहे हैं।वहीं एक व्यक्ति का गला घोंटने का प्रयास किया जा रहा है।एक पक्ष से प्रेम सिंह शाक्य ने लिखित तहरीर देते हुए आरोप लगाया है।धान की कटाई की मजदूरी के पैसे मांगने पर कारे उर्फ उमाकांत पुत्र जदुवीर सिंह राठौर,अमर कांत सिंह राठौर,नन्हे पुत्रगण जदुवीर सिंह राठौर ने लाठी डंडों से घर पर चढ़ कर आए और मारा पीटा और मेरे भाई का गला घोंटकर मारने का प्रयास किया ।पीड़ितों द्वारा डायल 112 पर शिकायत की गई मौके पर पहुंची डायल 112 ने दोनों पक्षों को समझा बुझा कर वापस भेज दिया।वहीं सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची हैं।पुलिस ने दूसरे पक्ष से घायल व्यक्ति की लिखित तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।मामले पर थाना प्रभारी शंभूनाथ से जब बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि दो पक्षों के मध्य झगड़े की सूचना पर पुलिस पहुंची थी एक पक्ष घायल लोग थाने पर आए थे जिनकी लिखित तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।वहीं दूसरे पक्ष को थाने पर बुलाया गया था वो लोग आए नहीं और न ही कोई तहरीर दी है।

# अवध की जंग कार्यालय का हुआ भव्य शुभारम्भ

## कलम की ताकत सबसे महत्वपूर्ण: बालकिशन नायक नन्ना




**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट पुष्पांजलि टुडे ललितपुर**

ललितपुर। मोहम्मद हबीब के दैनिक समाचार पत्र के जिला कार्यालय का भव्य शुभारम्भ विधिवत तरीके से हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित शिक्षक बालकिशन नायक नन्ना ने की, जबकि मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, राज्यमंत्री प्रतिनिधि चंद्रशेखर पंथ, व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड सदस्य प्रदीप चौबे, वरिष्ठ पत्रकार डा.संजीव बजाज, सम्पादक उमेश मिश्रा, सम्पादक अम्बिका मिश्रा, वरिष्ठ समाजसेवी सरदार वी.के.सिंह, सौरभ यादव, पत्रकार राहुल शुक्ला, मसौरा प्रधान नीरज तिवारी आदि रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा कार्यालय का फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। वहीं वक्ताओं में भाजपा नेता प्रदीप चौबे ने कहा कि पत्रकार ईमानदारी से सरकार की उपलब्धि और अधिकारियों के भ्रष्टाचार की खबर प्रकाशित करे। मंत्री प्रतिनिधि चंद्रशेखर पंथ ने कहा कि देश का चौथा स्तम्भ पत्रकार और पत्रकारिता है, इसलिये समाज का सच्चा आईना पत्रकार ही है जो खबर के माध्यम से लोगों को जोडने् का कार्य करता है। व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी ने कहा कि सोशल मीडिया के इस दौर में प्रिंट मिडिया आज भी मजबूत है। पत्रकार अपने विवेक और ईमानदारी से खबरों का चयन करके तथ्यों के आधार पर खबर प्रकाशित करे। अवध की जंग के सम्पादक उमेश मिश्रा ने कहा की इस अखबार का प्रकाशन वर्ष 2012 में अयोध्या से शुरू हुआ, जो अवध से लेकर बुंदेलखंड के ललितपुर तक पहुंचा और लखनऊ तक खबरें ललितपुर की लोगों को मिलती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बालकिशन नायक ने जनपद ललितपुर के आपसी सौहार्द और भाईचारा कायम पर कहा कि शन्ति प्रिय जनपद मे लोग बहुत मिलजुल कर रहते है और यहां गंगा जमनी तहजीब कायम है। पत्रकारिता समाज को जाग्रत करने का कार्य करती है। कार्यक्रम में अजय तिवारी नीलू, विजय जैन कल्लू, राहुल जैन नवभारत, संजय अवस्थी, सत्येंद्र सिसोदिया, प्रेस क्लब महामंत्री अमित सोनी, आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., अमित लखेरा, पूर्व पार्षद मोदी पंकज जैन, हाजी अतीक, कल्पनीत सिंह, सपा जिलाध्यक्ष नैपाल सिंह यादव, अरशद मंसूरी, परवेज पठान, संजय नायक, राजकुमार नायक, रुपेश साहू, सच्चानंद गोलवानी, इखलाख मंसूरी, भूपेंद्र तिवारी, आकाश ताम्रकार, संदीप शर्मा एड., सुनील शर्मा, हंसू रजक, संजय ताम्रकार, जयेश बादल, संजीव अहिरवार, अजय प्रताप सिंह, विजय विक्रम सिंह बुन्देला नातीराजा, सुनील सैनी, सुशील चौबे, ध्रुव सिसौदिया, पप्पू ठेकेदार, हृदेश मुखिया, अमर विश्वकर्मा घुटारी, डा.जे.एस.बक्शी, आशिफ पठान, आशिफ कुरैशी, मानसिंह यादव एड., साहिल हबीब, राहिल हबीब, बाबा कुरैशी, इमरान कुरैशी, छोटा वीर, समीर पठान, इमरान मंसूरी, दीपक पाराशर, रूपेश साहू, शुभम पस्तोर, नसीम बाबा, विकास सोनी, शिब्बू राठौर, सुमित अग्रवाल, वैभव जैन टिन्ना, अजीज सदन, अजीज मंसूरी, इमरान मंसूरी, अब्दुल साकिर, हाजी रानू आदि प्रमुख लोग उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन इरशाद मंसूरी ने किया। अंत में आभार अवध की जंग के सलाहकार सम्पादक मोहम्मद हबीब ने व्यक्त किया।

# वार्डों में बने नाले व नाली में गंदगी का अंबार, जीना हुआ दुश्वार

# वार्ड नम्बर 5 व 8 में जगह जगह फैली गंदगी, जिम्मेदारों को देखने की फुर्सत नहीं

**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट पुष्पांजलि टुडे**

ललितपुरललितपुर। नगर पालिका परिषद के अंतर्गत वार्ड नम्बर 5 में बने नाली व नाले में सिल्ट के साथ गंदगी का अंबार लगा है। वहीं वार्ड नम्बर 8 अहिल्याबाई स्कूल के पीछे गन्दगी का अम्बार पड़ा हुआ है। यहां देखने सुनने वाला कोई धनी धोरी नहीं है। वार्ड के रहवासियों ने बताया कि घरों के आसपास कूड़ा कचरे का अंबार लगा रहता है। और रहवासियों का घरों के बाहर निकलना और बैठना भी दूभर है। और यहाँ न तो नगर पालिका के सफाई कर्मी प्रतिदिन सफाई करने पहुँचते हैं। और चारों तरफ कूड़ा कचरा और गंदगी की नजर आती है। वहीं ऐसा भी प्रतीत होता है। कि नगर पालिका के स्वास्थ्य निरीक्षण केवल नाम के है और वार्ड के कर्मचारियों के भरोसे ही पूरे नगर की सफाई व्यवस्था चल रही है। उन्हें खुद फुर्सत नहीं है नगर में घूमकर नगर की साफ सफाई व्यवस्था पर भी ध्यान दे ले परन्तु साहब को फुर्सत कहाँ है। एक तरफ जहां केंद्र सरकार की पहल पर जगह-जगह स्वच्छ भारत अभियान के तहत विभिन्न सामाजिक संगठनों और अधिकारियों की ओर से सफाई कार्य किया जा रहा है। लेकिन इसके बाद भी नगर के गली-मोहल्लों और सरकारी कार्यालयों के पास कचरे के ड़ेर देखने को मिल रहे हैं। नगर पालिका परिषद वार्ड नंबर पांच में साफ-सफाई का बहुत बुरा हाल है। नगर पालिका प्रशासन सफाई



के जितने भी दावे कर ले, लेकिन वार्डो मे फैली गंदगी कुछ और ही हकीकत बयां कर रही हैं। वार्ड में कई स्थानों पर कचरे का ढेर लगा हुआ है। जिससे मच्छरों का प्रकोप बड़ रहा है। साथ ही गंभीर बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। गंदगी एवं कचरे के ड़ेर को देखकर ऐसा लग रहा है कि सफाई कर्मचारी व स्वास्थ्य नायक क घोर लापरवाही के चलते मोहल्ले में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। नगर पालिका द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था पर सलाना लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी नगर के मोहल्ला गांधी नगर में सफाई की व्यवस्था चरमरा गई है। नपा अधिकारियों द्वारा इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं करने से चारों ओर गंदगी का आलम है। साथ ही नालियों से कचरा नहीं निकालने से मोहल्ले में खुलकर सांस लेना भी दुभर हो गया है।

# धैर्य, त्याग एवं संतोष के धनी थे सुदामा - आचार्य हेमंत कृष्ण

**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट पुष्पांजलि टुडे ललितपुर**



ललितपुर। सुदामा के जीवन धैर्य त्याग एवं संतोष की पराकाष्ठा थी इसएि तो श्री कृष्ण ने सुदामा के चरण धोए। यह उदगार श्रीजी कुंज कॉम्पलेक्स डोंडाघाट तालाबपुरा में आयोजित हुई श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत बरसाना से पधारे प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य हेमंत कृष्णजी महाराज ने कहे। महाराजश्री ने कहा कि सुदामा गरीब थे लेकिन दरिद्र नहीं थे। क्योंकि दरिद्र तो वो होता है जिसके जीवन में संतोष रूपी धन ना हो। सुदामा जी ने जीवन भर अयाचक व्रत धारण किया। महाराजश्री बोले जीवन को व्यवस्थित रखने के लिए सत्संग का होना जरूरी है। दृष्टि अगर सुधर जाए तो सृष्टि भी सुंदर हो जाती है। युवाओं को संदेश देते हुए महाराज जी ने कहा कि अपने माता पिता और गुरुजनों की वाणी को अवश्य मानना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपने पुत्रों को समझाया कि जीवन में बिगडने् के चार ही साधन बताएं हैं, जिनमें रूप, यौवन, संपत्ति और बड़ा पद। इन चारों को पाने के बाद व्यक्ति सत्संग के अभाव में प्रमाद हो ही जाता है। इसलिए जीवन में भागवत धर्म का आश्रय करना चाहिए। चौबीस शिक्षा गुरुओं की व्याख्या करते हुए महाराजजी बोले कि जिससे हमें कुछ सीखने को मिले वहीं हमारा सच्चा गुरु है। सद्गुरू हमें अंधकार से प्रकाश की ओर लेकर जाते हैं। जीवन में हर व्यक्ति हमें कुछ न कुछ शिक्षा देता है इसलिए सदैव सकारात्मक रहते हुए हमें सबसे शिक्षा लेनी चाहिए। कथा विश्राम के समय राधा कृष्ण के स्वरूपों के साथ आयोजक परिवार एवं उपस्थित समस्त जनमानस ने फूलों की होली का आनंद प्राप्त किया। कथा की आरती में मुख्य यजमान राकेश तामिया, अमन तामिया के अलावा गीता प्रभुदयाल तामियां, प्रिया अजय तामियां, निशी नीलांश तामियां, रितु विराज तामियां के अलावा रामस्वरूप तामियां, सीताराम तामियां, जगदीश तामियां, एड. राजेन्द्र तामियां, महेश तामियां, विनोद तामियां, मनीष तामियां रहे। जबकि व्यवस्था में सहयोगी के रूप में श्री रामलीला हनुमान जयन्ती महोत्सव समिति और श्री भारत सेवा मण्डल व्यायामशाला शामिल रहीं। इस दौरान पं.बृजेश चतुर्वेदी, श्यामकान्त चौबे, अजय प्रताप सिंह तोमर, डा.प्रबल सक्सेना, हरविंदर सलूजा, शिवकुमार शर्मा, अमित तिवारी, राजेश दुबे, , छक्कीलाल साहू, अवधेश कौशिक, राजेंद्र ताम्रकार, चंद्रशेखर राठौर, धर्मेंद्र चौबे, मुन्नालाल त्यागी, राजेन्द्र बाजपेयी, रविन्द्र पाठक, चन्द्रशेखर राठौर, अमित तिवारी, मगन सोनी, सुबोध गोस्वामी, रमेश श्रीवास्तव पार्षद, रामखिलावन यादव, सुदीप यादव, रानू साहू, प्रशान्त नामदेव, संतोष सोनी, ध्रुव सोनी, कैलाश साहू, विनोद साहू, मुकेश विश्वकर्मा, आकाश यादव एड., राघवेन्द्र राजपूत, सोनम सोनी, आरती, शैलेन्द्र, अंकित, कैलाश नारायण डयोढिया, राघवेन्द्र राजा, महेश साहू, विनोद साहू, गौरी साहू, फूलचंद्र विश्वकर्मा, जगदीश सोनी, नीरज साहू, हरगोविन्द साहू, वृन्दावन यादव, दीपक यादव, कैलाश साहू, संतोष सोनी, प्रशान्त नामदेव, शोभा सोनी, मोनू सोनी, महेन्द्र यादव, वीरेन्द्र यादव, अभिषेक निरंजन इत्यादि के अलावा सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मोटर साइकिल की मांग पूरी न होने पर बहू को किया प्रताड़ित,महिला की तहरीर पर एसपी के आदेश से मामला दर्ज

**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट पुष्पांजलि टुडे ललितपुर**

ललितपुर। तालबेहट के ग्राम हर्षपुर अंतर्गत मजरा खदरी देवामाता निवासी निशा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी बड़ाहार रामपुर निवासी धर्मेंद्र पुत्र कैलाश के साथ 21 मई 2023 को हुयी थी। बताया कि शादी में गृहस्थी का सामान और सोने चांदी के जेवरातों के अलावा एक लाख रुपये नकद दिये थे। इस प्रकार उसके माता-पिता ने पूरी शादी साड़े छह लाख रुपये खर्च किये थे। बताया कि उसके पति धर्मेंद्र, ससुर कैलाश, देवर अरविन्द, ननद अहिल्या, नेहा व नन्दोई द्वारा मोटर साइकिल की मांग की गयी थी। जिसे पूरा कर पाने के कारण ससुराल पहुंचने पर सास धनुषरानी ने उलाहना देते हुये मोटर साइकिल न देने पर घर में नहीं रखने की बात कही। बताया कि आठ दिन तक उसे प्रताड़ित किया गया। उसके बाद उसका भाई मंगल, मामा रामगोपाल उसे लेने गये तो ससुरालियों ने उन्हें भी उलाहना दिया। पन्द्रह दिन बाद उसे लेने के लिए ससुर कैलाश, पति धर्मेंद्र, देवर अरविन्द, ननद अहिल्या, नेहा लेने पहुंचे, जहां उन्होंने अतिरिक्त दहेज में मोटर साइकिल की मांग की, जिसे देने में उसके परिजनों ने असमर्थता व्यक्त की। ससुराली उसे अपने साथ ले तो आये, लेकिन उसका उत्पीडन् करने लगे। बताया कि ससुराल में रहने के बाद 9 नवम्बर 2024 को उसे धमकाते हुये मोटर साइकिल व नकदी की मांग करने के लिए पंचायत की, जिसके वह उसका पति ससुराल आ गया और उसे प्रताड़ित करने लगा। बताया कि वह ड़ाई माह ससुराल में रही और उसे मारपीट करते हुये जान से मारने का प्रयास किया गया। 29 अगस्त 2023 को उसका भाई रक्षाबंधन के त्यौहार पर आया तो उसे भी उलाहना दिया गया। 1 नवम्बर को उसके पति व ससुर और देवर ने शराब के नशे में आये और मोटर साइकिल की मांग करते हुये मारपीट पर आमादा हो गये। डायल 112 पर सूचना देने पर पुलिस मौके पर आयी और थाने ले आयी। लेकिन पारिवारिक मामला होने के कारण छोड़ दिया। अब कार्यवाही के लिए पीड़िता थाने के चक्कर काट रही है। मामले में एसपी के आदेश पर पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 115 (2), 352, 351 (3), दहेज उत्पीडन् की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# कार्यकर्ता बूथ समिति निर्माण में समाज के हर वर्ग को जोड़े।



गोरमी। भारतीय जनता पार्टी सदस्यता महापर्व 2024 की मंडल कार्यशाला का आयोजन नगर के थाना रोड स्थित थापक भवन पर किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री सुरेंद जैन विशेष अतिथि के रूप में पार्टी के वरिष्ठ नेता जयवीर पुरोहित गोकुल सिंह परमार कमलेश वेशांदर मौजूद थे कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित अतिथियों ने पार्टी के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामां प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मालयन पर कर उनको नमन किया इसके बाद मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की एवं 15 नवंबर से प्रारंभ हो रहे बूथ समितियों निर्माण अभियान की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व जिला महामंत्री सुरेन्द्र जैन ने कहा की सदस्यता महा अभियान 2024 पार्टी के लिए राष्ट्रीय पर्व के समान है इसलिए हम सब कार्यकर्ता को पूरी ताकत से गांव गांव जाकर हर बूथ समिति में समाज के हर वर्ग के लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ना है इसके लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा इसमें युवाओं की विशेष भूमिका है।इस अवसर पर अन्य तिथियां ने भी सदस्यता महा अभियान की सफलता के लिए अपने-अपने विचार रखें एवं शक्ति केंद्र एवं बूथ केंद्र की बैठकों की रूपरेखा भी बनाई गई ।कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री ऋषिकेश शर्मा ने किया एवं अंत में आभार प्रकट सदस्यता अभियान टीम के सदस्य श्री प्रेम प्रताप सिंह नरवरिया ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से पटेल यादव मंडल उपाध्यक्ष धुर्वा शर्मा मनीष अग्रवाल भान सिंह नरवरिया शिवराज यादव मोनू शर्मा ओमकार यादव विजय कुशवाह सोनू भदोरिया उत्तम शुक्ला प्रेम प्रताप नरवरिया डॉ वेद प्रकाश शर्मा रमाकांत शर्मा बृजकिशोर थापक महिला मोर्चा की मंडल उपाध्यक्ष ज्योति यादव गोपाल नरवरिया रिपुदमन सिंह भदोरिया गब्बर तोमर बल्लू सखवार हरिओम शर्मा विनय सिंह हर्ष पाराशर राहुल कटारे जहान सिंह जाटव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन आज गोहद में

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**



गोहद। श्री श्याम बाबा के जन्मदिन के उपलक्ष में श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन शारदा ब्रैकेट मैरिज गार्डन में आज शाम 7 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन श्याम सरकार मित्र मंडल गोहद द्वारा कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भजन गायक अतुल परिक, ज्योति पाल, अजय शर्मा, शिवानी शर्मा, कन्हा व्यास के द्वारा भजन की प्रस्तुति दी जाएगी। मित्र मण्डल के सदस्यों ने क्षेत्र वासियों से संकीर्तन में पहुंचकर धर्म लाभ लेने का आह्वान किया है।

## हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से लाइनमैन करंट लगने से झुलसा

जनपद एटा के राजा का रामपुर कस्बे में हाई टेंशन लाइन पर काम करते समय लाइनमैन करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया उसे आनन-फानन में तुरंत अलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया जानकारी के अनुसार 25 वर्षी लाइनमैन शिवम रामपुर विद्युत उपकेंद्र पर तैनात है सुबह करीब 10ः00 बजे वह शटडाउन लेकर गौशाला के पास विद्युत लाइन का मरम्मत कार्य कर रहे थे तभी अचानक हाई टेंशन लाइन में करंट आ गया जिससे शिवम झुलस कर पोल से नीचे गिर गया आसपास काम कर रहे लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया शिवम के भाई विक्की ने बताया कि शिवम ने शटडाउन लिया था लेकिन उसे बिना जानकारी के वापस कर दिया गया जिससे करंट लग गया शिवम घायल हो गए एसएसओ छत्रपाल सिंह ने कहां की शिवम जिस फीडर पर काम कर रहे थे वहां दो फीडर राजा का रामपुर और नकटाई के पास पास ह

# मतदाता सूची की शुद्धता में राजनैतिक दलों की अहम भूमिका, बूथों पर बीएलए तैनात करें- कमिश्नर

## 18 साल के शत-प्रतिशत युवाओं को मतदाता सूची में शामिल करें, जनजागरुकता हेतु गांवो में मुनादी कराने के निर्देश

**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट पुष्पांजलि टुडे ललितपुर**

### क्षेत्रीय कर्मचारियों को संवेदीकृत कर विशेष पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के निर्देश

### निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान-2025 के अंतर्गत राजनैतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न

### जनपद के पोलिंग बूथों का भ्रमण कर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा की

**ललितपुर।** रोल प्रेक्षक/आयुक्त झांसी मण्डल झांसी बिमल कुमार दुबे की अध्यक्षता में निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के अंतर्गत जनपद में प्रथम भ्रमण हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, साथ ही जनपद के पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने मण्डलायुक्त का स्वागत किया। बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों का परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता 01.01.2025 के आधार पर होने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें राजनैतिक दलों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने राजनैतिक दलों से अनुरोध किया कि वे शीघ्र अतिशीघ्र बूथ लेविल असिस्टेंट तैनात कर दें। इसके साथ ही उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता क्षेत्रीय कर्मचारियों पर काफी हद तक निर्भर करती है। उन्हें पता होता है कि कौन मतदाता क्षेत्र से बाहर गया है या कौन बाहर से आया है। इसलिए क्षेत्रीय कार्मिकों को संवेदीकृत करें। 18 वर्ष के नये मतदाताओं को शत-प्रतिशत सूची में शामिल किया जाए, उन्होंने यह भी बताया कि मतदाता के बाहर जाने की स्थिति में फार्म-8 भरा जाना सबसे ज्यादा सुविधाजनक होता है, जिसके द्वारा सम्पूर्ण भारत के किसी भी क्षेत्र से मतदाता हस्तांतरित हो सकता है। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुनरीक्षण अभियान की तिथियों का विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, साथ ही मुनादी कराकर घर-घर तक सूचनाएं पहुंचायी जायें। बीएलओ का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर उन्हें समय-समय पर निर्देशित किया जाए, साथ ही बीएलए के लिए युवा कार्मिकों को तैनात किया जाए, ताकि वे क्षेत्र में स्वयं जाकर सत्यापन का कार्य कर सकें। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने




जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से अनुरोध किया कि निर्वाचन आयोग की मंशानुसार मतदाता सूची की सुचिता हेतु बूथ लेविल असिस्टेंट जल्द से जल्द तैनात कर दें और उनकी सूची निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करा दें। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 226-ललितपुर एवं 227-महरौनी, 02 विधानसभाएं हैं, जिनमें उप जिलाधिकारी ललितपुर एवं महरौनी को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा दोनों विधानसभाओं में 05-05 सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी नामित किये गए हैं। जनपद में 1063 मतदेय स्थल, 756 मतदान केन्द्र हैं, जिन पर 1063 बीएलओ, 104 सुपरवाईजर तैनात किये गए हैं। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि अर्हता दिनांक-01.01.2025 के आधार पर होने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत आयोग द्वारा विभिन्न गतिविधियों हेतु तिथियां निर्धारित की गई हैं, जिसके अन्तर्गत एकीकृत मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन हेतु 19.10.2024, दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 29.10.2024 से 28.11.2024 तक, विशेष अभियान तिथियाँ 09.11.2024 (शनिवार), 10.11.204 (रविवार) 23.11.2024 (शनिवार), 24.11.2024 (रविवार), दावों और आपत्तियों का निपटान हेतु 24.12.2024 (मंगलवार), स्वास्थ्य मापदंडों की जांच और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करना व डेटाबेस को अद्यतन करना और अनुपूरकों का मुद्रण करने हेतु 01.01.2025 (बुधवार) तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हेतु दिनांक 06.01.2025 (सोमवार) की तिथियां निर्धारित की गई हैं। बैठक में जनप्रतिनिधि एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारी श्रीकान्त, चन्द्रशेखर, आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी, बहुजन समाज पार्टी जिलाध्यक्ष कपिल कुमार, बहुजन समाज पार्टी उपाध्यक्ष अनेक सिंह , ई0 चन्द्रशेखर अहिरवार, जिला मंत्री गौरव चौधरी, कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष राकेश रजक, कांग्रेस कमेटी जिला महामंत्री अजय तोमर, समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, अपना दल (एस) जिला महासचिव सोहनलाल निरंजन उपस्थित रहे। साथ ही अधिकारियों में चन्द्रभूषण प्रताप, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 226-ललितपुर विधानसभा क्षेत्र, राजबहादुर कुमार, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 227-महरौनी विधानसभा क्षेत्र, भूपेन्द्र सिंह, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 226-ललितपुर विधानसभा क्षेत्र, ज्ञानेन्द्र विक्रम, अपर उप जिलाधिकारी, समर सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार मौर्य, प्रधान सहायक, जिला निर्वाचन कार्यालय सूचना विभाग से सुमित कुमार उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत मंडल आयुक्त द्वारा जनपद के विभिन्न पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया गया जिसमें राजकीय इंटर कॉलेज ललितपुर,पी एन इंटर कॉलेज ललितपुर, नगर संसाधन केंद्र ललितपुर, इंग्लिश प्राइमरी स्कूल मसौरा कला व अन्य विद्यालय शामिल है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित बीएलओ से फार्म 6, 7 व 8 के संबंध में जानकारी ली और उनसे फार्मो के संबंध में की जाने वाली कार्रवाई के बारे में पूछा। साथ ही मौके पर सभी बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की सफलता में बीएलओ का महत्वपूर्ण योगदान रहता है, इसलिए पूरे मनोविक से कम करें।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फ़ैलाने 17 को दौड़ेंगे शहरवासी

# ग्वालियर समेत भारत के 100 से अधिक शहरों में होगा ग्रीन हार्टफुलनेस रन का आयोजन

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक**
**पुष्पांजलि टुडे**

**ग्वालियर।** पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ग्वालियर समेत भारत के 100 से अधिक शहरों में ग्रीन हार्टफुलनेस रन का आयोजन किया जा रहा है। हार्टफुलनेस की जोनल कोऑर्डिनेटर अर्चना शर्मा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि 17 नवंबर को यह दौड़ कटोरा ताल फ्लैग पॉइंट से प्रातः 6–30 बजे शुरू होगी और फ्लैग पॉइंट पर समाप्त होगी, जबकि समापन समारोह एमएलबी कॉलेज में आयोजित किया जाएगा।भारत का सबसे बड़ा पर्यावरण जागरूकता आयोजन श्रीमती शर्मा ने बताया कि ग्रीन हार्टफुलनेस रन भारत के 100 से अधिक शहरों और मध्य प्रदेश के कई स्थानों में एक साथ आयोजित होने वाला एक प्रमुख पर्यावरणीय कार्यक्रम है, जो देशभर



में हरित वातावरण को प्रोत्साहित करता है। वन संरक्षण और फिटनेस को प्रोत्साहन श्रीमती शर्मा हार्टफुलनेस द्वारा यह पहल वन संरक्षण में योगदान देने के साथ ही शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस को जोड़ती है। यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाने की दिशा में देशव्यापी समर्थन प्राप्त कर रहा है।समाज के सभी वर्गों का समर्थनीमती शर्मा ने बताया कि इस आयोजन को शिक्षा विभाग,पतंजलि योग समिति, ब्रह्माकुमारी, विश्व हिंदू परिषद, आरोग्य भारती, उद्भव एवं सामाजिक तथा धार्मिक साथ-साथ शैक्षणिक संस्थाओं, अधिकारी वर्ग और स्थानीय प्रशासन का सकारात्मक समर्थन प्राप्त हो रहा है। **पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास पर जागरूकता**. श्रीमती शर्मा ने बताया कि इस दौड़ का उद्देश्य लोगों में धरती के इकोसिस्टम और मदर अर्थ को सुरक्षित रखने के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर केशव पांडे,विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संयोजक पप्पू वर्मा, जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर ,आईएमए की सचिव डॉक्टर स्नेहलता दुबे,बिरला हॉस्पिटल के सहायक निदेशक डॉक्टर संजय धीर तथा डॉक्टर बिंदु सिंघल भी उपस्थित थे।

# गोहद में सेवार्थ जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में पाठशाला समूह की लाल टिपारा ग्वालियर ने फर्स्ट स्कूल गोहद को हराकर टूर्नामेंट का जीता खिताब

## विजेता व उपविजेता टीम को शील्ड एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

गोहद। महर्षि अरविंद महाविद्यालय गोहद के खेल मैदान पर ,सेवार्थ जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंडर -16 फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीमों ने भाग लिया। जिसमें सभी टीमों के नियमानुसार अलग अलग मैच कराने के उपरांत अंत में अपने अपने प्रदर्शन के आधार पर फाइनल मुकाबले में पाठशाला समूह की लाल टिपारा टीम ,ग्वालियर तथा फर्स्ट स्टेप स्कूल ,गोहद ,टीम ने फाइनल में जगह बनाई। वहीं फाइनल मैच के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पाठशाला समूह की लाल टिपारा टीम ग्वालियर ने फर्स्ट स्टेप स्कूल गोहद को 2-0 के अंतर से हराकर फाइनल मैच का खिताब जीता। वहीं मैच के दौरान बेस्ट गोलकीपर राघव सोनी और बेस्ट स्कोरर निखिल पाल ने अपनी टीम की ओर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि विजय



श्रीवास्तव प्रख्यात अधिवक्ता गोहद, द्वारा विजेता टीम के कप्तान को ट्राफी व 3000/ हजार रुपए की पुरस्कार राशि तथा उपविजेता टीमों के कप्तान को ट्राफी व 2000/ हजार रुपए की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। वहीं साथी खिलाड़ियों का भी ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मान किया गया । वहीं मैच में रेफरी की भूमिका का निर्वहन प्रद्युम्न सिंह और राज्यवर्धन सिंह भोंसले ने किया। इस टूर्नामेंट के अवसर पर लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान के सेवानिवृत कुलपति प्रोफेसर विवेक पांडे ,सेवार्थ पाठशाला के अध्यक्ष ओ .पी. दीक्षित, सचिव मेजर मनोज पांडे, राकेश श्रीवास्तव , राकेश कुमार पांडे , जेपी नामदेव, मोहनलाल अहिरवार, शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य सचिन कांकर , सीबीसी राणा,पवन गुप्ता, नितिन गुप्ता,धीरज शर्मा, शैलेन्द्र जैन, अरविंद शर्मा,सभी 10 टीमों के कोच तथा स्कूलों के प्राचार्य एवं प्रबंधक उपस्थित थे। सेवार्थ जनकल्याण समिति जिला प्रशासन भिंड ,पूर्व संभाग आयुक्त मध्यप्रदेश शासन राजीव शर्मा, समाजसेवी गोहद तथा निजी विद्यालय स्कूल एसोसिएशन, शासकीय महर्षि अरविंद महाविद्यालय गोहद के सभी पदाधिकारीयों के प्रति आभारी है. अंत में आयोजन समिति अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# सीनियर रेलवे इंस्टिट्यूट के तत्वावधान में टी - 20 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर/झाँसी । सीनियर रेलवे इंस्टिट्यूट झाँसी के तत्वावधान में रेलवे की अंतर विभागीय टी - 20 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट स्थित डी एस ए क्रिकेट मैदान पर किया गया उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बल्ले से गेंद को हिट कर किया साथ में



विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी,सीनियर डी सी एम (कोचिंग) अमन वर्मा,मंडल खेलकूद अधिकारी मयंक शांडिल्य,माउंट लिट्रा जी स्कूल के निदेशक डॉक्टर रोहित पाण्डेय, दैनिक जागरण के जनरल मैनेजर प्रशांत सिंह पूर्व अंतरराष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी सुबोध खांडेकर भी उपस्थित रहे । प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत रेलवे इंस्टीट्यूट सचिव मुकेश श्रीवास्तव,उपाध्यक्ष मो सईद, कोषाध्यक्ष संजीव परिहार, कार्यकारिणी सदस्य बृजेंद्र यादव, नीरज वर्मा,मो शरीफ ने प्लांटर भेंट कर किया । इस अवसर पर नंदकिशोर,जितेंद्र रायकवार,भवानी सिंह,अभिषेक रायकवार,संजय भारती,मोहम्मद वहीद,सलीमुद्दीन आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र संज्ञा ने एवं टूर्नामेंट की जानकारी एवं सभी का आभार सचिव मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। आज हुए उद्घाटन मैच कमर्शियल एवं डीजल शेड के बीच मैच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर कमर्शियल ने पहले बल्लेबाजी करते 15.02 ओवर में 123 रन पर ऑल आउट हो गई जिसमें निखिल और सक्षम ने 37 ,37 रन और कप्तान नीरज भटनागर ने 19 रन का योगदान दिया डीजल शेड की ओर से कप्तान सुहेल ने 5 विकेट और प्रदीप और मदन ने दो-दो विकेट लिए जवाब में डीजल शेड की टीम 12.3 ओवर में 52 रन पर सिमट गई जिसमें देवराज पुरी ने सर्वाधिक 12 रन बनाए कमर्शियल की ओर से मैन ऑफ द मैच अमित गुप्ता ने नौ रन देकर 6 विकेट लिए और कप्तान नीरज भटनागर ने 11 रन देकर दो विकेट लिए मैन ऑफ द मैच अमित गुप्ता को पुरस्कार नीरज भटनागर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (फ़ैट) ने प्रदान किया

# मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र की केला देवी आटा फैक्ट्री पर खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता**
**मालनपुर**





मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित केला देवी आटा फैक्ट्री में मिलावटखोरी की शिकायत मिलने पर रविवार को खाद्य विभाग की टीम ने सख्त कार्रवाई की। इस अभियान का नेतृत्व खाद्य अधिकारी रीना बंसल ने किया, जिन्हें कंपनी में आटा, मैदा, और रवा जैसे उत्पादों में मिलावट की शिकायतें मिल रही थीं।शिकायत पर कार्रवाई की पृष्ठभूमिमालनपुर के इस औद्योगिक क्षेत्र में पिछले कुछ समय से खाद्य सामग्री में मिलावट की खबरें आ रही थीं, जिनमें केला देवी आटा फैक्ट्री का नाम प्रमुखता से सामने आ रहा था। स्थानीय लोगों और व्यापारियों की ओर से फैक्ट्री में तैयार किए जा रहे उत्पादों की गुणवत्ता पर सवाल उठाए जा रहे थे। मिलावट के शक के आधार पर खाद्य अधिकारी रीना बंसल ने इस फैक्ट्री की जांच का निर्णय लिया।

**चार घंटे की लंबी कार्रवाई, सैंपलिंग और जब्ती**–करीब चार घंटे तक चली इस कार्रवाई में खाद्य अधिकारी और उनकी टीम ने फैक्ट्री में बने उत्पादों की बारीकी से जाँच की। इस दौरान फैक्ट्री में रखे आटा, मैदा, और रवा के कुल 789 कट्टों को जब्त किया गया। इन कट्टों की कुल कीमत लगभग 13,85,295 रुपये आंकी गई है।अधिकारी ने इन सभी उत्पादों के नमूने संग्रह किए ताकि प्रयोगशाला में इनकी विस्तृत जाँच हो सके। इस सैंपलिंग प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य यह था कि इन उत्पादों में किसी प्रकार की मिलावट या मानक स्तर से निम्न गुणवत्ता का प्रयोग तो नहीं हो रहा है।

**जांच के दौरान मौजूद लोग और सुरक्षा व्यवस्था**–फैक्ट्री में चल रही कार्रवाई के दौरान मालिक मनीष गोयल भी मौजूद थे, जो इस पूरी प्रक्रिया के दौरान खाद्य अधिकारियों के साथ सहयोग कर रहे थे। किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए मालनपुर थाने का पुलिस बल भी वहाँ मौजूद रहा, जिसने पूरे अभियान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी।

उपनगर ग्वालियर में प्रगति की यात्रा निरंतर जारी रहेगी - ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

# शहर के वार्ड 13 की बस्तियों में 3.19 करोड रुपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन





**महेंद्र शर्मा उप संपादक**
**पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर/ उपनगर ग्वालियर में वार्ड-13 की विभिन्न बस्तियों में 3 करोड़ 19 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया



प्रगति की यात्रा इसी प्रकार निरंतर जारी रहेगी। आमजन की सुविधा के लिये जहाँ जरूरत होगी, वहाँ विकास कार्य कराए जाएंगे। इसी क?ी में गया है । यह बात ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने वार्ड-13 में विकास कार्यों के भूमि पूजन के अवसर पर कहीं।भूमि पूजन के अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि उपनगर ग्वालियर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों में कोई कोर कसर नहीं छो?ी जायेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सीवर समस्या के स्थायी समाधान के लिए नई सीवर लाइन बिछाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। सीवर लाइन चौक न हो इसके लिए मैन ट्रंक लाइन डाली जा रही है। साथ ही कहा कि उपनगर ग्वालियर में पार्कों का सौंदर्यीकरण के साथ ही पार्कों में ओपन जिम व बच्चों के लिए झूले व अन्य खेलकूद उपकरण लगाए जा रहे हैं।ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सिविल अस्पताल प्रतिष्ठित प्राइवेट अस्पताल से बेहतर सेवाएं दे रहा है। वहां की ओपीडी में हजारों की संख्या में मरीज स्वास्थ्य सेवाएँ ले रहे हैं। शीघ्र ही यहाँ पर सीटी स्कैन मशीन भी लगाई जाएगी, जिससे क्षेत्रीय नागरिकों को हजार बिस्तर अस्पताल या अन्य जगहों पर सीटी स्कैन के लिए नहीं जाना पड़ेगा। भूमि पूजन के अवसर पर सर्वश्री अशोक शर्मा, मनमोहन पाठक, बृजमोहन शर्मा, योगेंद्र तोमर, दिनेश सिकरवार, प्रदीप कश्यप, ओमप्रकाश नामदेव, गुड्डू रत्नाकर, जगत सिंह कौरव, केके कुशवाहा, बादशाह भदोरिया, डॉ. प्रदीप कश्यप सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नगरीकरण उपस्थित रहे।

**इन विकास कार्यों का हुआ भूमि पूजन**–ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने वार्ड 13 में 3 करोड़ 19 लाख रुपए के जिन विकास कार्यों का भूमि पूजन किया, उनमें तानसेन नगर अरविंद चौहान वाली गली में 23 लाख 66 हजार रुपए में सीसी रोड निर्माण, अशोक शर्मा पेट्रोल पंप के पीछे नाला निर्माण 01 करोड़ 71 लाख 67 हजार रुपए, टीनशैड खिड़की मोहल्ला बरगद के पेड़ के नीचे 01 लाख 66 हजार रुपए, टीनसैड प्रजापति मोहल्ला परमल प्रजापति के घर के पास 3 लाख 32 हजार रुपए, तानसेन नगर पानी निकासी लाइन ई ब्लॉक के बाहर 14 लाख रुपए, तानसेन नगर में पार्कों का सौंदर्य करण 45 लाख रुपए, ओदक स्कूल के पास सीसी रोड निर्माण कार्य 42 लाख रुपए, खड़की मोहल्ला सीवर लाइन एवं हीरापुर में सीसी रोड निर्माण कार्य लागत 18 लाख रुपए शामिल हैं।




स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478